कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी/द्वादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 119 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 नवंबर 2025 रविवार

आज का मौसम

29 अधिकतम

19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# बिहार चुनाव : नामचीन चैनल पर गुमनाम एजेंसी के ओपिनियन पोल पर उठते सवाल



प्रसंगवश

राजेश सिरोठिया

बिहार में मतदान और उसके नतीजों की घड़ी नजदीक है। चंद दिन बाकी हैं। ऐसे में देश के एक बड़े चैनल के ओपिनियन पोल का क्या औचित्य है? जब बीते कुछ सालों में चुनाव बाद होने वाले एग्जिट पोल एक्जेक्ट साबित नहीं हुए तो गुमनाम सी सर्वे एजेंसी ने मतदान के पहले मतदाता का मन कैसे टटोल लिया? ऐसे निष्कर्ष किस आधार पर निकाल निकाल डाले कि 14 नवंबर को बिहार में कौन सरकार बना रहा है? किस पार्टी को कितनी सीट मिल रही है? चुनाव आयोग मतदान की प्रक्रिया के बीच ऐसे सर्वे के सार्वजनिक करने पर क्या कदम उठाएगा? वह अभी तक मौन क्यों हैं?

एक राष्ट्रीय अंग्रेजी खबरिया चैनल ने मतदान के पहले चरण के पांच दिन पहले जेवीसी नामक किसी अनजानी सी सर्वे एजेंसी के हवाले से बिहार की नई सरकार को लेकर जो ओपीनियन पोल जारी किया है, उसके औचित्य से लेकर सर्वे के आधार तक को लेकर कई सवाल जेहन में उठ रहे हैं। इनके जवाब अपने पाठकों और बिहार की जनता से साझा करना दोपहर मेट्रो अपना पत्रकारीय कर्तव्य समझता है। जब बिहार के पहले महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्यों में लोगों के मताधिकार के बाद किए गए सर्वे फेल हो गए तो इस के सर्वे की मंशा क्या मानी जाए? सर्वे के दावों के मुताबिक 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए का आंकड़ा 120 से 140 तक रह सकता है। लालू परिवार की पार्टी राजद की अगुआई में बने महागठबंधन को 93 से 112 सीटों मिल सकती हैं। पोल के मुताबिक बिहार में 2020 के चुनावों में जिस भाजपा ने 110 सीटें लड़ीं और 74 जीतीं, उसे 101 सीटों में से 70 से 81 के बीच सीटें मिल सकती हैं। जेडीयू जो 115 सीटों पर लडक़र 43 सीटें ही जीत सकी थी उसका आंकड़ा 42 से 48 के बीच रह सकता है। सर्वे में यह भी अनुमान लगाया गया है कि 29 सीटें लड़ रही चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 5 से 7, जीतनराम मांझी की पार्टी हम (सेक्युलर) को 2 और उपेंद्र कुशवाह के राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो)को 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं।

पोल की मानें तो राजद की सीटों का आंकड़ा पिछ्ले चुनाव के मुकाबले इस बार 69 से 78 और कांग्रेस को 19 की जगह 9 से 17 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन की सहयोगी सीपीआई (एमएल) का आंकड़ा 12 के मुकाबले 14 तक जा सकता है। सीपीआई और सीपीएम को एक से दो सीटें मिल सकती हैं। जबकि बिहार में वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक बनकर तेजी से उभरे प्रशांत किशोर की पार्टी मात्र एक सीट पा सकती है। असुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम, बसपा और अन्य को 8 से 10 सीटें मिलने की संभावना पोल में जताई गई है। मुख्यमंत्री के बतौर तेजस्वी यादव 33 प्रतिशत, नीतीशकुमार 29 प्रतिशत के साथ दूसरे और चिराग पासवान और प्रशांत किशोर 10-10 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ओपिनियन पोल के मुताहिक एनडीए को 41 प्रतिशत से 43 प्रतिशत तथा महागठबंधन 39 प्रतिशत से 41 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। जन सुराज पार्टी 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत और दीगर पार्टियां 10 प्रतिशत से 11 प्रतिशत वोट हासिल कर सकती हैं। पसंदगी और प्रतिशत में ही हिस्सेदारी के दावे और सीटों के आंकड़े विरोधाभासी हैं।

### सर्वे का आकलन और दोपहर मेट्रो का अनुमान

इस ओपीनियन पोल के इन दावों पर शक की सुई इसलिए उठती है, क्योंकि दस हिस्सों में बंटे बिहार की सियासी की समझ और फितरत अलग-अलग क्षेत्रों में अलग अलग है। ऐसे में सबकी नब्ज पर हाथ रखने वाले सर्वेकर्ताओं का राजनीतिक अनुभव भी सवालों के घेरे में है। चुनावी नतीजों के बाद मुमकिन है कि सर्वे के आंकड़े सही निकलने का तुक्का भी लग जाए, लेकिन पत्रकारिता और जनसंचार के विद्यार्थी होने के साथ 40 साल का मेरा पत्रकारीय अनुभव कहता है कि यूपी और बिहार की राजनीति को समझना इतना आसान नहीं। सर्वे की जो मैथेडोलाजी है उसमें नमूनों को एकत्र करने में एक फीसदी की गड़बड़ी अंतिम निष्कर्ष में गलती को 25 फीसदी तक ले जा सकती है। अपने हिसाब से बिहार में भाजपा की सीटों की संख्या बढ़े तो उसमें कोई हैरत नहीं लेकिन, नीतीश बाबू की 43 सीटों का आंकड़ा 2020 के मुकाबले घटने की आशंका ज्यादा है। 29 सीटों पर लड़ रहे चिराग पासवन को 5 से 7 सीटें तथा की जनसुराज का एक सीट पर ठहर जाना गले नहीं उतरता। कांग्रेस की सीटें 19 से कम हो सकती है। लेकिन वामपंथी दलों को पिछली बार मिली सीटों से कम ही सीटें मिलेंगी। माओवादी आंदोलन की जड़ें जब सूख रही हैं, वामपंथी विचारधारा का देश-प्रदेश और विदेशों से विलोप हो रहा है वहां सीटें कैसे बढ़ सकती है? क्या बिहार के वोटर इतने नासमझ हैं? मेरी राय में ओवैसी का जलवा बरकरार भी रह सकता है और बढ़ भी सकता है। मायावती और आप की भूमिका वोट कटवा से ज्यादा कुछ नहीं है। उनकी मंशा अपनी पार्टी के राष्ट्रीय स्वरूप को कायम रखने की कवायद तक सीमित है। बिहार, यूपी जैसे राज्यों का सियासी मिजाज और बहुकोणीय संघर्षों में कौन किसका कितना नफा-नकसान करेगा, इसकी सच्चाई तो 14 नवंबर और उसके बाद ही सामने दिखेगी। एनडीए भले ही किसी तरह सरकार बना ले, लेकिन उसमें नीतीश बाबू का योगदान सवालों के घेरे में है। बीते पांच साल में सुशासन से कुशासन बाबू में तब्दील उनकी छवि, मिस्टर पल्टूराम की इमेज और सरकार के कामकाज का ढर्रा रंग दिखाएगा। महागठबंधन के स्वघोषित मुख्यमंत्री तेजस्वी के तेज में भी कमी के आसार ज्यादा हैं। उन्होंने जिस तरह के मुंगेरीलाल टाइप सपने दिखाएं हैं उससे उनके आत्मविश्वास का अंदाजा लगाया जा सकता है। लालू पुत्र बिहार की जनता का दिल जीतने के बजाए उनके वोटों को हथियाने की जुगत में हैं। फिलहाल गेंद अब बिहार के 7 करोड़ 42 लाख मतदाताओं के पाले में हैं जो साढ़े चार महीने पहले की वोटर लिस्ट के 7 करोड़ 89 लाख मतदाताओं के मुकाबले 47 लाख कम हैं।

## न्यूज विंडो

### आज भारत की बेटियों का द. अफ्रीका से सामना

**मुंबई, एजेंसी।** सपनों को हकीकत में बदलने का वक्त आ गया है। देश को विश्व चैंपियन बनाने का वह सपना जो हरमनप्रीत कौर की टीम लंबे समय से सोते-जागते, खुली आंखों से भी देखती आ रही है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को जब बेटियां महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के सामने होंगी तो उनका लक्ष्य पहली बार विश्व चैंपियन बनने का होगा। भारतीय टीम तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है और उसे अपने पहले खिताब का इंतजार है। (मैच का प्रसारण दोपहर 2.30 बजे से स्टार स्पोटर्स व डीडी स्पोटर्स पर) **विस्तृत पेज 7**



### मेक्सिको में भयानक विस्फोट, 23 की मौत

**मेक्सिको, एजेंसी।** हर्मोसिलो शहर में शनिवार को वाल्डो स्टोर में हुए भीषण विस्फोट ने कम से कम 23 लोगों की जान ले ली। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए। इन लोगों को शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई।

### शिमला: खाई में गिरी टेंपो ट्रैवलर, 32 लोग घायल

**कुमारसैन, एजेंसी।** नारकंडा के पास रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। हादसे में 32 लोग घायल हुए हैं, इनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया । अन्य का उपचार अस्पताल में चल रहा है।। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। ट्रैवलर में सवार लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे।

### अंदर खास




बिहार के रण में आज फिर मोदी, पटना में रोड शो की तैयारी
9 साल की उम्र में साधु बनने चले थे बाहुबली अनंत सिंह- पेज 8




# उम्मीदों पर पानी...

- बारिश से हुए पिछले नुकसान की ही भरपाई नहीं हो पाई थी... अब अन्नदाता के सामने आ गई नई मुसीबत
- बेमौसम बरसात से खेतों में बिछ गई गेहूं की खड़ी फसल, उठाव के लिए रखा मक्का भी हुआ खराब

**भोपाल**

दोपहर मेट्रो ग्राउंड रिपोर्ट

चक्रवाती तूफ़ान के कारण प्रदेश के अधिकाँश हिस्सों में इस हफ्ते हुई बेमौसम बरसात ने एक बार फिर किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। प्रदेश के मध्य, मालवा, महाकौशल, बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र सहित अधिकांश इलाके इसकी चपेट में आए। गेहूं की पकी हुई फसल जो कटने के लिए तैयार थी वह तेज हवा और बारिश से बिछ गई जिसके बड़ी मात्रा में ख़राब होने की आशंका है। इसी तरह काटने के बाद खेतों से उठने के लिए रखे मक्के को भी नुकसान हुआ है। खेतों से आई तस्वीरें हालत की गंभीरता बयान कर रही हैं। दूसरी ओर सरकार ने अभी तक इस नुकसान की भरपाई तो दूर सर्वे तक की बात नहीं कही है।

**नर्मदापुरम** क्षेत्र में खेतों में नमी बढ़ने से खड़ी फसल आड़ी हो गई है, वहीं जिन किसानों ने पहले ही फसल काटकर खलिहान में सुखाने रखी थी, वह भीग गई है। ग्राम बिछुआ के किसान मुकेश राजपूत ने बताया कि उन्होंने 50 एकड़ में धान की बोनी की थी, लेकिन मौसम की मार के चलते अब तक केवल 25 एकड़ की फसल ही काट पाए हैं। बाकी फसल खेत में पानी से खराब हो गई है । किसान नेता विजय बाबू चौधरी ने कहा कि धान की बालियां झुकने और भीगने से दाने काले पड़ने लगे हैं। जिससे मंडियों में उपज का उचित मूल्य मिलने को लेकर किसान चिंतित हैं। उन्होंने सरकार से प्रभावित किसानों को यथाशीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र सिंह प्रताप ने बताया कि बारिश से जिले के 273 गांवों में कुल 22,779 किसान प्रभावित हुए हैं। सर्वे के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। सिवनी मालवा के गांगिया गाँव के कृषक भोलू पटेल धान की फसल आधी ही काट पाए थे। उन्होंने शेष बची फसल आड़ी दिखाई। खुले में रखे धान में भी गीली होने के कारण फफूंद लग गई है।

### किसी भी जिले में अभी तक सर्वे कराने का फैसला नहीं

- **रायसेन** जिले में खेतों में पानी भरने और बालियों में सड़न लगने से भारी नुकसान हुआ। रायसेन प्रदेश का प्रमुख धान उत्पादक जिला है, जहां इस साल लगभग 2.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुआई की गई थी। 12 घंटे तक लगातार रुक-रुककर बारिश का दौर चला, जिससे खेतों में जलभराव हो गया। धान की खेतों में रखी फसल ख़राब हुई या सड़ने लगीं। किसान प्रवीण नागर बताते हैं कि पानी भरने से हार्वेस्टर चलाना नामुमकिन हो गया है। उनके अनुसार बालियों में फूल झड़ने और अंकुरण की समस्या से पैदावार में 20-30 फीसदी तक की कमी का अनुमान है। विदिशा जिले के **सिरोंज** में धान उत्पादक किसानों ने एसडीएम को आवेदन देकर धान की बर्बाद फसल का सर्वे करवाने की मांग भी की है।
- **दमोह** जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र में मौसम सामान्य देखकर किसानों ने अपने खेतों से मक्का और धान की फसल की कटाई कर ली थी। परंतु, कटाई के बाद खेतों एवं खुले स्थानों पर रखी गई फसलें लगातार हो रही वर्षा से पूरी तरह भीग गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। यहाँ के किसानो पर मंडी में भी मार पड़ी जो मक्के की फसल लेकर गए थे। उचित दाम नहीं मिलने के कारण वहीँ रुके रहे। इसी बीच आई तेज़ बारिश से फसल चौपट हो गई। किसान प्रमोद पटेल ने बताया कि लगातार बारिश से अब मक्का अंकुरित हो रही है।
- **सागर** के ग्राम जेरई के किसान श्रीकांत शुक्ला का कहना है कि सोयाबीन और मक्का की फसल कटी पड़ी है जिसमे ज्यादा नुकसान हुआ है। बारिश से धान की फसल का दाना खराब होने की आशंका है।
- **जबलपुर** के बेलखाडू क्षेत्र में दीवाली की रात से हुई बारिश से बारिश के क्रम ने अगली फसल की तैयारी और वर्तमान फसल की अच्छी पैदावार उम्मीदों पर पानी फेर दिया। लंबी लागत और दिन रात धान की फसल कटाई के इंतज़ार में थी। किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि मटर की बोनी की लगात खराब हो गई। खुले में रखे मक्का को ढकने का भी अवसर नहीं मिला बिलखरवा, मोहास, हरदुआ , बम्हनी, बघोंडा, बिजुआ, पौड़ी, नगना, सूरत लाई, पडरिया, सहसन, निरंदपुर, सरोद, बोरिया, गंज खमरिया, बरोदा, सहित अन्य गांव में बारिश से बहुत नुकसान हुआ है। किसान प्रशासन से सर्वे की मांग कर रहे हैं।
- **उज्जैन** के नागदा, बड़नगर और खाचरौद में खेतों में पानी भरने से गेहूं और मटर की फसल प्रभावित हुई है। ज्यादातर किसान खेतों में जलजमाव, अत्यधिक नमी के चलते रबी की तैयारी व बोवनी नहीं कर पा रहे हैं। किसान जयंत शर्मा का कहना है कि बारिश से धान की खड़ी फसल जमीन पर गिरने सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इन फसलों में 60 से 70 प्रतिशत तक नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

#### रोते किसानों का वीडियो वायरल

विंध क्षेत्र के मऊगंज जिले के एक किसान का खेत में रोते हुए का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें किसान गुहार लगा रहा है कि इस आपदा के कारण उसकी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। उस पर जो कर्ज है वह उसे कैसे चुकाएगा।

**दोपहर मेट्रो इनपुट :** मंगेश यादव होशंगाबाद, हरिनारायण विश्वकर्मा गंजबसौदा, शोभित शर्मा सिरोंज, अजय अहूजा मंडीदीप, अमित श्रीवास्तव औबेदुल्लागंज, शशिकांत ढिमोले सागर, संतोष चंदेल सिवनीमालवा, विशाल रजक तेंदूखेड़ा, अक्षय दुबे उज्जैन, रजत शर्मा जबलपुर।

## चुनौती से मुकाबला

### पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग आज से, 6 के बाद राहुल आएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सभी 71 जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण देने के लिए पचमढ़ी में आज से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रही है। 11 नवंबर तक चलने वाले इस शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी एक दिन शामिल होंगे। उनका 8 से 10 नवंबर के बीच आगमन संभावित है। सम्भावना है कि राहुल गांधी बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान (6 नवंबर) के बाद पचमढ़ी पहुंचेंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवकांत पांडे ने बताया कि शिविर में राहुल गांधी और खड़गे का आने का कार्यक्रम जारी हो चुका है, लेकिन तय तारीख जल्द घोषित होगी। राहुल गांधी इस दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं। प्रशिक्षण मेंअलग-अलग एक्सपर्ट्स डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे।

## अभ्युदय मध्यप्रदेश

### शहर में आज गूंजेगा मेरा भोला है भंडारी 'सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन भी होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' के दूसरे दिन आज शाम भोपाल का लाल परेड ग्राउंड भक्ति, संस्कृति और इतिहास के रंगों में रंगने जा रहा है। दिन भर प्रदर्शनियां और मेलों में जहां प्रदेश की परंपरा झलकेगी। वहीं, शाम का आकर्षण होगा सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाट्य और इसके बाद प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति, जिनके गीत 'मेरा भोला है भंडारी', 'महादेवा' और 'राधे राधे बोल मना' आज भी लोगों की जुबां पर हैं। सायं 6.30 बजे से महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन होगा, जिसका निर्देशन संजीव मालवीय ने किया है। इसे विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के 150 कलाकारों का दल तीन मंचों, एलईडी ग्राफिक्स, रथ, पालकी और अश्वों के साथ प्रस्तुत करेगा। सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, न्याय और जनकल्याण की गाथा को यह नाट्य सजीव करेगा।

## दर्दनाक हादसा

### बेंगलुरु में एंबुलेंस ने कई गाड़ियों को रौंदा, कपल की मौके पर ही मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के बेंगलुरु में एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने कई लोगों को टक्कर मार दी। एंबुलेंस कई मोटरसाइकलों को अपने साथ दूर तक घसीटते हुए ले गई। स्कूटर से जा रहा कपल भी एंबुलेंस की चपेट में आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इन दर्दनाक हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

यह हादसा बेंगलुरु के रिचमंड सर्किल के पास लगभग 10 बजे देखने को मिला। एक एंबुलेंस पीछे से काफी तेज स्पीड में आ रही थी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग निकले। वहीं, एंबुलेंस सामने आने वाले कई वाहनों को ठोकर मारते हुए ट्रैफिक पुलिस के बूथ से जा टकराई और पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि 3 मोटरसाइकलें एंबुलेंस की चपेट में आ गईं। वहीं, 1 मोटरसाइकिल एंबुलेंस के साथ घसीटते हुए काफी दूर तक गई। इसी बीच एक कपल स्कूटर से गुजर रहा था, जिसे रौंदते हुए एंबुलेंस आगे बढ़ गई और पुलिस चौकी से टकरा गई। इस हादसे में कपल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान इस्माइल और उनकी पत्नी सामीन बानो के रूप में हुई है।

विभाग की 560 किमी की सड़कें हैं, इनमें से करीब 300 किमी पहले ही सीसी हो चुकी

# शहर की 80 फीसदी रोड होंगी कांक्रीट पीडब्ल्यूडी एक महीने में करेगा काम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पीडब्ल्यूडी की 80 फीसदी सड़कें एक से डेढ़ साल में सीमेंट कंक्रीट में बदल जाएगी। विभाग की 560 किमी की सड़कें हैं, इनमें से करीब 300 किमी को पहले ही सीसी किया जा चुका है। 100 किमी की डामर रोड को सीसी में बदलने के लिए अगले एक माह में काम होगा।

हालांकि एक्सपर्ट्स से आपत्ति जताते हुए कहा कि सीसी रोड से प्रदूषण व तापमान बढ़ेगा। चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी संजय मस्के का कहना है कि सीसी रोड को लंबी गारंटी के साथ तैयार किया जा रहा है। ये 10 साल से 25 साल तक की गारंटी वाली सड़कें हैं। बारिश के दौरान गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।



### यहां भी होगा निर्माण

पहली बार लिंक रोड को सीसी करने का काम शुरू हुआ। लिंक रोड नंबर को सीसी किया जा रहा। इसी तरह लिंक रोड नंबर एक और नंबर दो को भी पीडब्ल्यूडी अब सीसी करने की योजना बना रहा है। विभाग के पास 20 रोड की सूची है जिन्हें सीसी करने का काम अगले एक से डेढ़ माह में शुरू कर किया जाएगा।

### यह हैं सीसी रोड

पीडब्ल्यूडी ने प्रदेश की पहली सीसी सिक्सलेन रोड कोलार में 15 किमी लंबाई में तैयार की है। कोलार में ही सीआइ तिराहा से दानिश चौराहा होते हुए मनीषा मार्केट, देवी अहिल्या देवी तिराहा तक सात किमी लंबाई की सीसी रोड अंतिम चरण में है। हमीदिया रोड को करीब साढ़े पांच किमी लंबाई में मोतिया तालाब से पहले से लेकर रेलवे स्टेशन, करोद तक सीसी किया है। भेल से लेकर प्रभात चौराहा, अशोका गार्डन, रेलवे स्टेशन तक करीब छह किमी लंबी पहली चार लेन सीसी रोड पीडब्ल्यूडी ने सबसे पहले बनाई थी।

### घरों से ऊंची हुई रोड तो की शिकायत

अरेरा कॉलोनी के रहवासियों ने मुख्यमंत्री समेत पीडब्ल्यूडी मंत्री, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी से सीसी रोड का निर्माण रोकने को लेकर पत्र लिखा है। यहां बताया गया घरों से आठ इंच ऊंचाई में रोड बना रहे हैं। अन्य क्षेत्रों में सीसी से बढ़ने वाली दिक्कत बताकर काम रोकने का आह्वान किया। शिकायत में मैहर में एक सीसी रोड को बिना अध्ययन बनाने पर हाइकोर्ट की टिप्पणी का उल्लेख भी किया। नर्सिंग एसोसिएशन की ओर से भी एक शिकायत पत्र लिखकर सीसी रोड, इसकी ऊंचाई को नुकसानदायक बताते हुए रोकने की अपील की है।

# तैयारी: अब एडमिशन होगा अपार नंबर से



### अपार सिस्टम से खत्म होगा बार-बार रजिस्ट्रेशन का झंझट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा में छात्रों की अब डिजिटल पहचान होगी। शिक्षा सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश के लिए बार-बार पंजीयन कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब एक ही ऑटोमेटेड परमानेंट अकादमिक अकाउंट रजिस्ट्रेशन (अपार) नंबर से एडमिशन, परीक्षा और प्रमाणपत्र की प्रक्रिया पूरी होगी। राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों की अपार आइडी पहले ही तैयार की जा चुकी है। वहीं, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने अपने कॉलेजों में अध्ययनरत 11 लाख छात्रों का डेटा अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) पोर्टल पर अपलोड किया है। यह डेटा वर्ष 2021 से 2024 तक आयोजित परीक्षाओं से संबंधित है। नई व्यवस्था के तहत छात्र-छात्राओं को 12वीं के बाद किसी कॉलेज में प्रवेश लेने पर अलग से रजिस्ट्रेशन करने की जरूरत नहीं होगी। उनका अपार नंबर ही यूनिक स्टूडेंट आइडी के रूप में काम करेगा। इससे छात्र का पूरा शैक्षणिक रेकॉर्ड अंकों का ब्यौरा, परीक्षा परिणाम, प्रमाणपत्र और क्रेडिट्स स्वचालित रूप से कॉलेज सिस्टम में दिखाई देगा। यह नंबर पूरे शैक्षणिक जीवन के लिए स्थायी रहेगा और छात्रों को देशभर के किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में एडमिशन लेने में आसानी होगी।

# इज्तिमा की चल रही तैयारियां 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा

## 14 नवंबर से ईंटखेड़ी में होगा चार दिवसीय आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आलमी तब्लीगी इज्तिमा का 11 दिन बाद आगाज होगा। इसके आयोजन के लिए ईटखेड़ी में तैयारी जोरों पर हैं। बारिश के बावजूद रविवार को तैयारियों के लिए दोगुना वॉलंटियर्स पहुंचे। भीगते हुए टेंट लगाने से लेकर ट्रैफिक और पानी की व्यवस्थाओं के काम में लगे थे। करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। चार दिवसीय इज्तिमा का आयोजन 14 नवम्बर से शुरू होगा। करीब 12 लाख लोग जमा होंगे। 620 एकड़ में चल रही तैयारी में सरकारी विभागों के साथ श्रमदान के आम लोग पहुंच रहे हैं। बीते रविवार को करीब दो हजार लोग यहां पहुंचे हैं।

### अपने वाहनों से पहुंचे लोग, 50 से ज्यादा पार्किंग पाइंट

बारिश के कारण खेत में कीचड़ में काम करना मुश्किल हुआ। सड़क पर कीचड़ हो गया था। ऐसे में ट्रैक्टर और ट्राली से काम किया गया। लोग अपने वाहनों के साथ पहुंचे थे। पानी की व्यवस्था, टेंट, सफाई इंतजामों के लिए एक साथ काम, भीगते हुए इज्तिमा की तैयारी, कीचड़ में ट्रैक्टर और ट्राली का लिया सहारा है।



### 80 करोड़ लीटर वेस्ट वाटर करेंगे रीयूज

दुनिया के पांच बड़े इस्लामिक आयोजनों से एक आलमी तब्लीगी इज्तिमा तालीम और तरबियत के साथ पानी बचाने और सफाई का संदेश देगा। इसमें देश और दुनिया से करीब 12 लाख लोग शिरकत करेंगे। चार दिन के आयोजन के दौरान करीब 80 करोड़ लीटर वेस्ट वाटर उपचारित होगा। इसे उपयोग लायक बनाया जाएगा। आयोजन 14 नवंबर से शुरू होगा। राजधानी के ईटखेड़ी में चार दिन के इस कार्यक्रम की तैयारियां पिछले एक हफ्ते में तेज हो गई। छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में वालेन्टियर्स पहुंचे। रविवार को संख्या और ज्यादा होगी। जमातों को ठहरने के पांडाल तैयार हो रहा है। वुजूखाने और वाशरूम तैयार किए जा रहे हैं। ये पांडाल के चारों ओर बनाए जा रहे हैं ताकि किसी एक ओर संख्या अधिक न हो।

### पिछले साल 18 देशों से आई थी जमातें, इस बार बढ़ेगी

इस धार्मिक समागम में देशभर से उलेमा शिरकत करेंगे। चार दिन इस्लाम धर्म की बुनियादी बातों पर तकरीर होगी। दुनिया के 18 से 20 देशों सहित देश के अलग राज्यों से लोग जमातों के रूप में पहुंचेंगे। पिछले साल 18 देशों से जमातें आई थी।

### ट्रैफिक समस्या से निपटने होंगे पांच हजार वॉलेन्टिर्स

इज्तिमा स्थल तक पहुंचने में ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या बनेगी। बैठक में यह मामला रखा था। ट्रैफिक पुलिस के साथ पांच हजार वॉलेन्टियर्स भी इंतजाम संभालने के लिए होंगे। हाफिज जुनैद के मुताबिक ट्रैफिक के साथ दूसरे इंतजामों में भी लोग भागीदारी करेंगे। कमेटी से जुड़े मोहम्मद अतीक के मुताबिक बड़े हिस्से में काम जारी है।

### 350 एकड़ में पार्किंग, 120 एकड़ में पंडाल

पिछले साल के मुकाबले इस बार 20 प्रतिशत विस्तार किया गया। पूरा आयोजन 620 एकड़ में होगा। इसमें 350 एकड़ में पार्किंग, 120 एकड़ में पांडाल, 150 एकड़ में सर्विस एरिया रहेगा। सर्विस एरिया में फूड जोन होंगे।

# मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान तय होगी जिम्मेदारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रोपॉलिटन रीजन के प्लान में भोपाल विकास प्राधिकरण की लगातार लापरवाही अब शासन का खटकने लगी है। शासन की ओर से अब प्रोजेक्ट की जिमेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू की है। बीडीए से प्लान को लेकर सवाल जवाब दिए थे, लेकिन सीईओ ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद अब काम को दस भागों में बांटकर शहरी एजेंसियों के उच्चाधिकारियों को उनकी सुपूर्दगी की जा रही है। काम करने की समय सीमा भी तय होगी। गौरतलब है कि भोपाल समेत आसपास के पांच जिलों के क्षेत्रों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाना है। अभी प्रदेश में इंदौर व भोपाल को इसके लिए तय किया है। बीडीए ने प्लान बनाने कंसलटेंट तय करने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन तीन माह का लंबा समय बीतने के बावजूद कंसलटेंअ तय नहीं हुआ। कंसलटेंट तय होने के बाद प्लान बनाने में 14 माह का समय दिया है। यानि अभी कंसलटेंट तय हुआ तो प्लान 2027 की पहली तिमाही ही बन पाएगा। संभव है प्रदेश के अगले चुनाव में भोपाल का ये एक मुद्दा बनकर सामने आए। बीडीए सीइओ श्यामबीर सिंह का कहना है कि शासन के निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

जोनल अधिकारियों के लिए बनाई रणनीति

# नगर निगम: 246.43 करोड़ वसूलने का लक्ष्य

### हफ्तेभर के लक्ष्य से वसूले जाएंगे कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम की आय बढ़ाने और अधिकारियों में जवाबदेही तय करने के लिए अब एक नई रणनीति पर काम शुरू हो गया है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर पहली बार सभी 21 जोनल अधिकारियों और 85 वार्ड प्रभारियों के लिए साप्ताहिक लक्ष्य-आधारित राजस्व संग्रह प्रणाली शुरू की गई है। अब इन अधिकारियों का प्रदर्शन इस बात से तय होगा कि उन्होंने हते में कर वसूली का कितना लक्ष्य हासिल किया। निगम ने इस संग्रह अभियान को दो हिस्सों में बांटा है। पहला, पुराने बकाया की 25 फीसदी राशि वसूलना और दूसरा वर्तमान वित्तीय वर्ष (2025-26) के डिफॉल्टरों से 100 फीसदी संग्रह सुनिश्चित करना। वित्तीय वर्ष के अब तक बचे 23 हतों में निगम का कुल 246.43 करोड़ रुपए वसूलने का लक्ष्य है। इसे सतत निगरानी और फील्ड स्तर पर जवाबदेही के जरिए हासिल किया जाना है। पहले हफ्ते में ही अधिकारियों के सामने बड़ी चुनौती है।





### लोक अदालत पर टिकी हैं उम्मीदें

अभियान में 13 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत को एक बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि लोक अदालत के दौरान मिलने वाली रियायत और विवाद निपटान के तंत्र से बड़ी रकम वसूली में मदद मिलेगी। नगर निगम इस पूरी प्रक्रिया की हतावार निगरानी और फील्ड-स्तर पर ट्रैकिंग करेगा। इस नई व्यवस्था का मकसद न केवल वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्ण वसूली के लक्ष्यों को प्राप्त करना है, बल्कि निगम की राजस्व प्रणाली को मजबूत और पारदर्शी बनाना भी है।

# छात्रों को बोर्ड परीक्षा का तनाव कम करने की पहल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दसवीं-बारहवीं कक्षा सहित अन्य कक्षाओं के स्टूडेंट को परीक्षा का तनाव कम से कम करने तरीके निकाले जा रहे हैं। इन्हें कक्षा में ऑफलाइन मदद दी जाएगी तो वही ऑनलाइन प्लेटफार्म भी एक्टिव होगा। साथ ही स्टूडेंट फोनिन काउंसलर की मदद ले पाएंगे। स्कूल और जिला स्तर पर ये शुरू किए जाएंगे। राजधानी सहित प्रदेश में स्कूल स्तर पर इसकी तैयारी कराई जा रही है। फरवरी में होने वाली बोर्ड परीक्षा में प्रदेश से करीब 18 लाख स्टूडेंट शामिल होंगे। इसमें निजी और सरकारी दोनों स्कूलों के स्टूडेंट शामिल हैं। दसवीं बारहवीं सहित अन्य कक्षाओं का सिलेबस समय से निपट सके इसके लिए समीक्षा की जा रही है। परीक्षा के समय तनाव से बचाने काउंसलर और सब्जेक्ट एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी।



**छात्रों ने की शिकायत :** परीक्षा टेंशन से पहले स्टूडेंट को सिलेबस की फिक्र है। राजधानी के अधिकांश स्कूलों में ये पूरा नहीं हो पाया। स्टूडेंट ने इसके संबंध में शिकायत भी की है। इसके पीछे शिक्षकों ने गैर शैक्षणिक कामों को कारण बताया है। शिक्षक संगठन के उपेन्द्र कौशल के मुताबिक शिक्षकों को पढ़ाई के लिए समय कम दिया गया।

**हेल्पलाइन कर रही है काम:** माशिमं की हेल्पलाइन 31 दिसंबर तक काम करेगी। कॅरियर काउंसर से लेकर मनोविज्ञान से जुड़े एक्सपर्ट इसमें शामिल हैं। जनवरी से नए सिरे से शुरुआत होगी जो परीक्षा के बाद भी जारी रहेगी।

कर्ण और सुदामा एक मंच पर हुए जीवंत

# धर्म, आत्मसमान, मित्रता और नियति के बीच फंसा कर्ण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सोलो थिएटर फेस्टिवल एक नई पहल है। आमतौर पर एक नाटक में हम अभिनेता को एक या कुछ ही चरित्रों के साथ देख पाते हैं, लेकिन सोलो परफॉर्मेंस में कितने ही चरित्रों को अभिनेता जीता है और नाटक का जिमा केवल उस अकेले अभिनेता पर होता है। सोलो परफॉर्मेंस को अभिनेता की परीक्षा भी कहा जा सकता है और दर्शकों के लिए लिए भी यह एक अद्भुत अनुभव होता है जहां उसे शुद्ध अभिनय देखने को मिल पाता है। ऐसा ही प्रयोग देखने को मिला शनिवार शाम चेतना ऑडिटोरियम नीलबड में। यहां पहल इप्रिंट कल्चरल सोसायटी द्वारा द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर के सहयोग से दो दिवसीय सोलो थिएटर फ़ेस्टिवल - एकला खेलो रे की शुरुआत की गई। पहले दिन शनिवार को पहल इप्रिंट कल्चरल सोसायटी द्वारा दिनकर जी की कालजयी कृति 'रश्मिरथी' का मंचन किया गया।

मंच पर मौजूद राहुल शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों बांधे रखा। परिकल्पना और निर्देशन तानाजी का था। 'रश्मिरथी' नाटक महाभारत के कर्ण पर आधारित है। इसे एक नैतिक, दार्शनिक और मानवीय त्रासदी के रूप में दिखाया गया, जहां कर्ण धर्म और मित्रता, आत्म-समान और नियति के बीच फंस जाता है।

**कृष्ण-सुदामा का प्रसंग देख दर्शक हुए भावुक:** दूसरी प्रस्तुति सागर गुंचा की 'सुदामा के चावल''थी। इसका निर्देशन बिशना चौहान का था। मंच पर बिशना चौहान ने ही इस किरदार को साकार किया। इस एकल नाटक में आधुनिक सुदामा की कहानी को प्रस्तुत किया गया। इसेमं कृष्ण-सुदामा प्रसंग को रोचक ढंग से दिखाया गया।

**मेट्रो एंकर**

नवंबर और दिसंबर माह से नर्सरी में शुरू होगी एडमिशन प्रक्रिया

# अब प्राइवेट स्कूलों में पुराने सत्र की फीस बढ़ाई तो जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के आठ सौ से ज्यादा प्राइवेट इस साल फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। ये वे स्कूल हैं जिन्होंने फीस की जानकारी अब तक अपलोड नहीं की। इनमें अगले माह से एडमिशन शुरू होंगे। नियमों के तहत फीस बढ़ाने के लिए इन्हें 90 दिन पहल फीस का ब्यौरा देना था। मामला अभिभावक संगठन ने उठाया गया है।

राजधानी के प्राइवेट स्कूलों की नर्सरी कक्षा में नवंबर और दिसंबर से एडमिशन प्रक्रिया शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। नियमों के तहत स्कूल फीस में दस प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। लेकिन स्कूलों को तीन माह पहले इन्हें फीस का ब्यौरा अपलोड करना था। राजधानी के आठ सौ से अधिक स्कूलों ने जानकारी नहीं दी। इसके चलते शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी किए गए थे। अभिभावक संगठन ने बताया कि अगर विभाग ने फीस की जानकारी देने जो समय-सीमा तय की थी वह एक माह पहले खत्म हो गई।



### अभिभावक संगठन ने उठाया मामला

फीस बढ़ोत्तरी के मामले में अभिभावक संगठन ने मामला उठाया है। इन्होंने बताया ब्योरा न देने वाले स्कूलों ने फीस अगर बढ़ाई तो मामले को प्रशासन तक ले जाएंगे। फीस की जानकारी न देने के मामले में राज्यपाल को शिकायत की गई है। ज्ञात हो कि फीस की मनमानी को रोकने बने थे नियम। 25 हजार से अधिक सालाना फीस वाले स्कूल 10 प्रतिशत फीस बढ़ा सकते हैं। इसमें पारदर्शिता के लिए उन्हें पोर्टल पर फीस का ब्योरा अपलोड करना है। जिला स्तर पर पालन कराने की जिम्मेदारी है। फीस की मनमानी पर रोक लगाने नियम बने। एडमिशन से 90 दिन पहले हर स्कूल को फीस का ब्यौरा अपलोड करना था। जो पचास प्रतिशत निजी स्कूलों ने नहीं किया। इस साल अगर ये फीस बढ़ाते हैं तो वह अवैधानिक होगी।

पार्क के बाहर बनेगा पार्किंग जोन

# वन विहार को नो व्हीकल जोन किया घोषित, अब शुल्क भी वसूला जाएगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नो व्हीकल जोन घोषित होने के बाद वन विहार में वाहनों की एंट्री बंद हो गई। वाहनों को गेट के वाहन की पार्क कराया जा रहा है। वन विहार के गेट नंबर पर पार्किंग स्पेस तैयार किया जा रहा है। वाहनों की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। इसके लिए वाहन चालकों को पार्किंग शुल्क देना होगा। वन विहार के वोट क्लब की ओर बने गेट पर फिलहाल इस तरह के इंतजाम नहीं हैं। सड़क पर ही वाहन रखे जा रहे हैं। वन विहार में पर्यटकों के लिए 40 ई-व्हीकल (गोल्फ कार्ट) उपलब्ध हैं। जिनमें से 32 हॉप ऑन-हॉप ऑफ सुविधा के लिए हैं और 8 पूरी तरह से 3 घंटे की बुकिंग पर उपलब्ध हैं। नो व्हीकल जोन के बाद पर्यटक इन ई-वाहनों, पैदल, या साइकिल से पार्क में घूम सकते हैं। वन विहार के संचालक विजय कुमार ने बताया नो व्हीकल के बाद लगातार मॉनीटरिंग हो रही है। सैलानियों की जरूरतों के आधार पर तैयारी हो रही है।





## अभ्युदय मध्यप्रदेश: विकास, संस्कृति और नई उड़ान का संगम

# सीएम बोले- दो वर्षों में पूरे हुए असंभव कार्य

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश ने अपने गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस पर अभ्युदय मध्यप्रदेश के रूप में इतिहास रचा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाल परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कहा कि बीते दो वर्षों में राज्य में कई ऐसे कार्य पूरे हुए हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। प्रदेश 24 प्रतिशत औद्योगिक विकास दर के साथ नए पैमाने गढ़ रहा है और अब नई उमंग, नई तरंग और नई उड़ानों के लिए तैयार है। कार्यक्रम के पहले दिन दो हजार ड्रोन का शो, विश्ववंद - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा और जुबिन नौटियाल के सुरों ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के साथ संस्कृति और पर्यटन को भी नई ऊंचाइयाँ मिली हैं। उज्जैन में अब तक 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, वहीं चित्रकूट में 28 करोड़ की लागत से विकास कार्य प्रारंभ होंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में राज्य का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि तीन नई अंतर्राज्यीय परियोजनाएं केन-बेतवा, पार्वती-काली-सिंध-चंबल और ताप्ती मेगा परियोजना प्रदेश के सिंचाई और औद्योगिक विकास में नई ऊर्जा देंगी।



### वन्य प्राणी विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दो टाइगर रिजर्व भोपाल वन विहार और माधव नेशनल पार्क शिवपुरी हैं। यही नहीं नौ टाइगर रिजर्व अभयारण्य प्रदेश में हैं। प्रदेश में ओंकारेश्वर में 27वां अभयारण्य प्रारंभ हो रहा है, जिसका क्षेत्र खंडवा और देवास जिलों में रहेगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश को अनेक सौगातें मिली हैं।

### उज्जैन में आए 7 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विरासत के संरक्षण के साथ विकास का कार्य हो रहा। सांस्कृतिक अनुष्ठान जारी है। उज्जैन में 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आए हैं।

### चित्रकूट का होगा विकास

अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। ओरछा और चित्रकूट प्रदेश के विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। चित्रकूट में 28 करोड़ से अधिक राशि से अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। गत 2 वर्ष में प्रदेश में तीन एयरपोर्ट दतिया, सतना और रीवा में प्रारंभ हुए हैं।

### जुबिन की मखमली आवाज ने श्रोताओं पर किया जादू

संगीत के मधुरम ताने-बाने के बाद अवसर था एक ऐसे कलाकार को सुनने का, जिसकी आवाज न सिर्फ देश बल्कि दुनियाभर में पसंद की जाती है। एक सुरीला कलाकार जिसके भावपूर्ण गीतों ने श्रोताओं खासकर युवाओं पर जादू सा कर रखा है। अपने ग्रुप के साथ मंच संभाला सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक श्री जुबिन नौटियाल, मुम्बई ने। हजारों की संख्या में उपस्थित उनके चाहने वाले उन्हें देख खुश हो गए और उत्साह के साथ अपने-अपने गीतों को गाने की फरमाईश की। जुबिन ने भी मंच पर आते ही गीत से पूरे वातावरण में अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेर दिया। गीतों का यह सिलसिला देर रात तक लगातार जारी रहा।



## किसानों के लिए अच्छी खबर

## 16 जिलों में 6 नवंबर तक धान का रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे किसान

**भोपाल।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 16 जिलों में बचे हुए किसानों का पंजीयन छह नवंबर तक हो सकेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इस संबंध में संबंधित जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किए हैं।

### 16 जिलों के किसानों को मिलेगी राहत

आदेश के अनुसार, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों तकनीकी समस्या और खराब मौसम के चलते किसान पंजीयन नहीं करा पाए थे। जिस कारण सरकार ने कृषक पंजीयन अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है।

### इसलिए नहीं करा पाए थे पंजीयन

प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों द्वारा भेजे गए इन प्रस्तावों पर विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है, ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए। सरकार के इस फैसले से उन किसानों को राहत मिलेगी, जो अभी तक पंजीयन नहीं करा पाए थे। अब वे 6 नवंबर तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

## विवि का मनोविज्ञान विभाग बना अखाड़ा, क्लास लेने को लेकर मचा बवाल

**सागर।** एमपी के सागर जिले से अजब-गजब मामला सामने आया है, जहां क्लास में बच्चों को पढ़ाने को लेकर दो महिला प्रोफेसरों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया। यह घटना सागर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की है, जहां दो महिला असिस्टेंट प्रोफेसरों के बीच पीरियड को लेकर झगड़ा हुआ। एक प्रोफेसर अपने तय समय से 15 मिनट अधिक क्लास में रहीं, जबकि दूसरी प्रोफेसर का समय शुरू हो गया था। इसी को लेकर क्लास रूम अखाड़े में बदल गया। मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर संचिता मीणा की शिकायत पर असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्या भनोट के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्या भनोट का क्लास टाइम दोपहर 1 से 2 बजे तक था लेकिन उन्होंने समय से 10-15 मिनट ज्यादा क्लास ली। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो हाथापाई में बदल गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि इस मामले में धारा 296, 115(2), 392, 351 और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्या भनोट ने कहा कि जो शिकायत थाने में की गई, वास्तव में उल्टा मेरे साथ हुआ। मेरे साथ मारपीट होने के बाद मेरी तबीयत खराब हो गई और मुझे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

## मप्र में कलेक्टर बनकर ठगी का प्रयास कर रहे साइबर जालसाज

# आईएएस भव्या और एएस प्रियंक के नाम से अधिकारियों से मांगे रुपए

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश में कलेक्टरों के नाम से मैसेज कर अधिकारियों से पैसा मांगा जा रहा है। किसी को शक न हो इसके लिए मैसेज भेजने वाले संबंधित कलेक्टर की फोटो भी डीपी पर लगा लेते हैं। ऐसे दो मामले में बीते 7 दिन के भीतर सामने आ चुके हैं। मामले खरगोन कलेक्टर आईएएस भव्या मित्तल और दूसरा धार कलेक्टर एएस प्रियंक मिश्र से जुड़ा है।

जानकारी के मुताबिक धार जिले के डही क्षेत्र की ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) को एक अज्ञात नंबर +84916423486 से वॉट्सऐप मैसेज आया। यह मैसेज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम से था और डीपी पर उनकी तस्वीर भी लगी थी, शुरुआत में कुछ देर के लिए बीएमओ ने इस पर भरोसा भी किया, लेकिन मैसेज की भाषा पढ़कर उन्हें कुछ शक हुआ। उन्हें लगा कि यह कोई साइबर ठग है जो कलेक्टर बनकर धोखाधड़ी की कोशिश कर रहा है।

**विदेशी नंबर से किए जा रहे हैं कॉल-** इस घटनाक्रम के बाद उन्होंने इसकी सूचना कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ को दी। इस दौरान जांच में सामने आया कि उक्त नंबर विदेशी नेटवर्क से संचालित हो रहा था। एसडीएम ने बीएमओ को नंबर ब्लॉक करने के निर्देश दिए और जिले के सभी अधिकारियों को सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही लोगों से भी अपील कर सावधान रहने को कहा। इस तरह से बीएमओ ठगी का शिकार होने से बच गईं।



### अधिकारियों को वॉट्सऐप मैसेज कर पैसों की मांग की

इसी तरह के मैसेज हाल ही में खरगोन जिला कलेक्टर IAS भव्या मित्तल के नाम से कई अधिकारियों को वॉट्सऐप पर भेजे गए थे। इन मैसेज में सभी अधिकारियों से पैसे की मांग की गई थी। मैसेज में एक बैंक अकाउंट का नंबर देते हुए लिखा था- मैं मीटिंग में हूं, मुझे तुरंत भुगतान करना है। कृपया जल्द ही इस खाते में पैसे जमा करें। कलेक्टर की ओर से खरगोन पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा को दी। इस दौरान जांच में आया कि उक्त नंबर वियतनाम का था।

### साइबर पुलिस लगातार जारी कर रही है एडवाइजरी

साइबर क्राइम शाखा इस तरह के फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। एसीपी सुजीत तिवारी के मुताबिक हाल ही में कुछ लोगों ने शिकायत की है कि उनके मोबाइल से जुड़े वॉट्सऐप और बैंकिंग एप्स का एक्सेस अज्ञात लोगों के पास पहुंच गया। जांच में पता चला कि ठग 21‹मोबाइल नंबर›# जैसे कोड का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये ठग फोन कॉल या मैसेज के माध्यम से लोगों को इस कोड को डायल करने के लिए कहते हैं।

### दूसरे तक पहुंच सकता है कॉल और डॉटा

ऐसा करने से आपके मोबाइल का कॉल और मैसेज डेटा दूसरे व्यक्ति तक पहुंच सकता है। साथ ही अपने OTP और निजी जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखें और किसी के साथ साझा न करें, चाहे सामने वाला कितना भी विश्वसनीय क्यों न लगे।

## मप्र बोर्ड के छात्र-छात्राओं के लिए जरूरी खबर...

# होली के कारण 3 मार्च को होने वाली 12वीं बोर्ड की परीक्षा अब 5 को होगी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा सात फरवरी 2026 से शुरू हो रही हैं। पूर्व में जारी समय सारिणी के अनुसार 12वीं की परीक्षा सात फरवरी से तीन मार्च तक होनी थी। इसमें संशोधन किया गया है। 12वीं की परीक्षा अब पांच मार्च को समाप्त होगी, वहीं 10वीं की परीक्षा 11 फरवरी से दो मार्च तक चलेंगी।

तीन मार्च को होली और सार्वजनिक अवकाश है, जिस कारण इस दिन होने वाले 12वीं की भूगोल, क्राप प्रोडेक्शन एंड हर्टिकल्चर, स्टिल लाइफ एंड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया, विज्ञान एवं स्वास्थ्य के प्रश्न पत्र अब पांच मार्च को होंगे। शेष समय सारिणी यथावत है।

**नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करने के आदेश-** माशिमं ने संशोधित समय-सारिणी को स्कूल के बाहर नोटिस बोर्ड पर विद्यार्थियों के सूचना के लिए चस्पा करने के आदेश दिए हैं। सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी परीक्षा दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होनी हैं। परीक्षार्थियों को सुबह आठ बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। परीक्षा कक्ष में 8ः30 बजे तक उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। 8:45 बजे के बाद किसी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 8:50 बजे परीक्षार्थियों को उत्तर-पुस्तिका और 8:55 बजे तक प्रश्नपत्र दिए जाएंगे।

### प्रायोगिक परीक्षाएं 10 फरवरी से होंगी

नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं उनके स्कूल में और स्वाध्यायी विद्यार्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र पर 10 फरवरी से 10 मार्च के बीच होंगी। इनकी तिथियां और समय पता करने के लिए प्राचार्य या केंद्राध्यक्ष से संपर्क करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर प्रायोगिक परीक्षाएं अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेंगी।



## कमेंडेशन डिस्क अलंकरण समारोह में 34 अधिकारी-कर्मचारी हुए पुरस्कृत

**भोपाल।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अम्बाड़े ने एक नवम्बर को कमेंडेशन डिस्क अलंकरण समारोह में वन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 वन अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। वन कार्य क्षेत्र में वन सुरक्षा, कूप विदोहन, वानिकी कार्य, वृक्षारोपण, अतिक्रमण, वन्यप्राणी सुरक्षा जैसे अन्य सराहनीय कार्य करने वाले वन कर्मियों को सम्मानित किया गया। वन क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सम्मानित किये गये वन अधिकारी-कर्मचारियों में सामाजिक वानिकी क्षेत्र में बालाघाट वनमंडल के वन संरक्षण सचिन पदमें एवं अमोल गौतम, कार्यवाहक वनपाल रामशरण सिंह, भोपाल वन मंडल के वनरक्षक रणछोर दास अग्निहोत्री एवं अनिल कुमार गव्हाडे, छतरपुर वन मंडल के कार्यवाहल वनक्षेत्रपाल बुद्धसेन कोल, दक्षिण पन्ना वन मंडल के वनरक्षक प्रेमनारायण वर्मा और चन्द्रप्रकाश शर्मा, हरदा वन मंडल के वनरक्षक मनोज सिंह चौहान आदि शामिल रहें।

## अब दिसंबर 2026 तक डीजीपी रहेंगे कैलाश मकवाना, गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना का कार्यकाल अब एक वर्ष बढ़ा दिया गया है। वे अब 1 दिसंबर 2026 तक पद पर बने रहेंगे। राज्य सरकार ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप लिया है और गृह विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। मूल रूप से डीजीपी मकवाना का सेवानिवृत्ति की तिथि 1 दिसंबर 2025 निर्धारित थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार डीजीपी को दो वर्ष का न्यूनतम कार्यकाल मिलना आवश्यक है। इसी प्रावधान के चलते मकवाना को एक वर्ष का अतिरिक्त सेवाकाल प्रदान किया गया है। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 17 आईपीएस अधिकारियों की सूची में मकवाना का नाम 16वें क्रम पर है। आदेश के मुताबिक, कैलाश मकवाना को 1 दिसंबर 2024 से डीजीपी के पद पर पदस्थ किया गया था, जिसके आदेश 23 नवंबर 2024 को जारी हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश (सिविल याचिका क्रमांक 310/1996) के अनुसार डीजीपी को दो साल का पूरा कार्यकाल मिलना चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

## राज्य के भविष्य के लिए नीति, दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता का दिखा संगम

# प्रदेश के चहुंमुखी विकास के साथ भविष्य को दर्शाती प्रदर्शनी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रवींद्र भवन भोपाल में अभ्युदय मध्यप्रदेश नामक राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन राज्य के भविष्य के लिए नीति, दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता का संगम था। इसका मुख्य केंद्र बिंदु उद्योग और रोजगार था।

समारोह में विकसित मध्यप्रदेश @2047 की परिकल्पना को साकार करने और उसे धरातल पर उतारने हेतु राज्य शासन की नीतियों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में भारत पेट्रोलियम की विश्व-स्तरीय पेट्रोकेमिकल काम्प्लेक्स परियोजना से लेकर नवकरणीय ऊर्जा उपकरण उत्पादन क्षेत्र की इकाइयों, राज्य शासन के औद्योगिकीकरण से सम्बंधित अभिनव पहलों को दर्शाया गया।





प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र प्रदेश के बीना जिले में बीपीसीएल की एक दशक से अधिक समय से संचालित क्रूड तेल रिफाइनरी परियोजना का मॉडल रहा। इसमें कंपनी द्वारा उनके विभिन्न ऑपरेशन्स को बड़ी सटीकता से दर्शाया गया। कंपनी द्वारा रुपए 60,000 करोड़ से अधिक के निवेश से प्रस्तावित पेट्रोकेमिकल काम्प्लेक्स और रिफाइनरी के विस्तार के सम्बन्ध में भी आमजन से जानकारी साझा की गई। इस परियोजना से 5,000 व्यक्तियों को सीधे रोजगार प्राप्त होने के साथ-साथ बड़े स्तर पर डाउनस्ट्रीम उद्योग का विकास एवं स्व-रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित हो रही इकाइयों और राज्य शासन की परियोजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गयी। नवकरणीय ऊर्जा उपकरण जैसे सौर सेल एवं मॉड्यूल, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, ग्रीन हाइड्रोजन की उत्पादन इकाइयों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनियां आकर्षण का केन्द्र रही। एमपीआईडीसी द्वारा नर्मदापुरम में स्थापित ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण क्षेत्र से सम्बंधित प्रदर्शनी भी लगाई गयी। चम्बल क्षेत्र के मालनपुर को सोलर, एजीआई ग्रीनपैक जैसे बड़े औद्योगिक घरानों ने अपना नया डेस्टिनेशन चुना है। एमपीआईडीसी द्वारा राज्य शासन द्वारा कामकाजी महिलाओं की सुगमता और उनके लिए वॉक-टू-वर्क की परिकल्पना को यथार्थ करने के उद्देश्य से चलायी जा रही वर्किंग वूमेन हॉस्टल मुहिम से जुडी प्रदर्शनी भी लगाई गई। इंदौर में विकसित हो रहे आईटी पार्क 3 एवं 4, धार में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और पीएम मित्र पार्क का भी मॉडल प्रस्तुत किया गया।




## फिटनेस फंडा

# जिम एक्सरसाइज से हुए बोर तो जुंबा है परफेक्ट, सुखद, मजेदार वर्कआउट के साथ बढ़ेगी हार्ट स्ट्रेंथ

**क्या** आपका भी वजन बढ़ गया है और आप उसे कम करने को लेकर लगातार परेशान हैं? आपको अपने हार्ट को अच्छा रखने के लिए कुछ कार्डियो एक्सरसाइज की जरूरत है? मगर सुबह-सुबह उठकर जिम जाना आपके लिए मुश्किल और बोरिंग दोनो है? तो जुंबा आपके लिए एक परफेक्ट एक्टिविटी है। जुंबा एक ऐसी फॉर्म है, जो न केवल आपको फिट रखती है, बल्कि जिसे करते हुए आप बोर भी नहीं होते। यही वजह है कि आजकल हर उम्र के लोग जुंबा करना पसंद कर रहे हैं। इस सुपर इफेक्टिव एक्सरसाइज के साथ आपको कुछ चीजों का ध्यान रखना जरूरी है। तभी आप इसका पूरा लाभ ले सकते हैं।

1990 के दशक से जुंबा की शुरूआत मानी जाती है, जिसके बाद ये पूरी दुनिया में पसंद किया जाने लगा। एरोबिक्स और डांस की इस ऊर्जावान जुगलबंदी ने कोलंबियाई डासंर और कोरियोग्राफर की कोरियोग्राफी की बदौलत व्यापक लोकप्रियता हासिल की। कोरियोग्राफर तेज गति वाले डांस को धीमी, अधिक नियंत्रित गतिविधियों के साथ सहजता से एकीकृत करते हैं। जो इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए एक रोमांचक कसरत के रूप में दिखाई देता है। वजन घटने के लिए एरोबिक व्यायाम से फेफड़ों के माध्यम से शरीर, हृदय और मांसपेशियों में ऑक्सीजन और ब्लड फ्लो अधिक सुचारू रूप से हो पाता है। फिटनेस और लाइफस्टाइल कोच यश अग्रवाल बताते हैं कि पूरे शरीर की यह एक्सरसाइज मज़ेदार है और नए लोगों से मिलने का एक शानदार तरीका भी है। यह एक वर्कआउट है जिसे आप दोस्तों के साथ कर सकते हैं। यह सुखद और मज़ेदार है, और प्रशिक्षक की सहायता से इसे घर पर भी किया जा सकता है। जुंबा को आप एक डांस फॉर्म भी कह सकते हैं, जिसे गानों की धुन पर किया जाता है।

**मूड को बेहतर बनाता है:** ऐसा देखा जाता है कि जब आप डिप्रेशन में हो या आपका मूड खराब हो तो आपको डांस करने या गाने सुनने की सलाह दी जाती है। कोई भी फिजिकल एक्टिविटी करने से आपके शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन बढ़ता है जो आपके मूड को बेहतर करता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ फिजिकल एंड रिहैबिलिटेशन मेडिसिन में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, जुम्बा अवसाद से निपटने में एक शक्तिशाली उपकरण प्रदान करता है। ये व्यायाम आपके हार्ट के अलावा मूड-बढ़ाने वाले हार्मोन, जैसे एंडोर्फिन, के उत्पादन को उत्तेजित करती है।



### डिहाइड्रेशन से बचना जरूरी

जुम्बा करते समय आपको पसीना आएगा और आप जल्दी डिहाइड्रेटेड हो सकते हैं। इससे बचने के लिए पानी की एक बोतल साथ रखें और बार-बार पानी पिएं। पसीना आने के बाद आपके शरीर से इलैक्ट्रोलाइट्स की हानि होती है। यदि आप डायबिटिक नहीं हैं, तो ग्लूकोज वाला पानी भी ले सकती हैं। इसके अलावा नींबू पानी, पुदीने का पानी या खीरा वॉटर भी आपको एनर्जेटिक करने में मदद करेंगे। फिटनेस के साथ मूड में भी सुधार करता है जुंबा, जानिए इस मजेदार एक्टिविटी के साथ आपको क्या सावधानियां बरतनी हैं। पिछले कुछ वर्षों में जुंबा क्लासेस में युवाओं की ही नहीं, बल्कि अधेड़ उम्र और उम्रदराज लोगों की हाजिरी भी बढ़ने लगी है। लोग इसके फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए मिलने वाले लाभों का आनंद ले रहे हैं।

**हार्ट स्ट्रेंथ बढ़ाने में मददगार:** जुम्बा वर्कआउट के दौरान, संगीत आमतौर पर लगभग 145 बीट्स प्रति मिनट की गति बनाए रखता है। यह गति डांस रूटीन को एक प्रभावी एरोबिक एक्सरसाइज में बदल देता है, जिससे सहनशक्ति बढ़ती है। इसके अलावा, जुम्बा सेशन में लगातार शामिल होने से समय के साथ हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। आज के व्यस्त जीवनशैली के कारण अक्सर तनाव का स्तर बढ़ जाता है। तनाव के हानिकारक प्रभाव शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। आपके पूरे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इस तनाव को कम करने के प्रभावी तरीके खोजना महत्वपूर्ण है। तनाव प्रबंधन में जुम्बा को काफी अच्छा माना जाता है। यह फील-गुड एंडोर्फिन को रिलीज करता है। तो स्ट्रेस को कम करके मूड को बेहतर करते है।

### सामाजिक तौर पर लोगों से जुड़ सकते हैं

जुम्बा में भाग लेने से सामाजिक लाभ मिलते हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे हो सकते हैं। इससे आपको शारीरिक लाभ तो मिलता ही है साथ ही यह दूसरों से जुड़ने और मित्रता बढ़ाने का भी एक सुखद अवसर है। जुम्बा एक ग्रुप में किया जाने वाला लोगों को व्यायाम के साथ जोड़ता है। जुम्बा सिर्फ एक वर्कआउट नहीं है, यह ढेर सारी कैलोरी बर्न करने का एक शानदार तरीका है। डांसिंग और फिटनेस मूव्स के मिश्रण से, आप केवल एक सेशन में 600 से 1,000 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। यह वजन कम करने और फिट रहने का एक मजेदार और प्रभावी तरीका है।

## जीवन-दर्शन

# जीवन में प्रेम, त्याग और सेवा के साथ ही कर सकते हैं ईश्वर के दर्शन


रमेश भाई ओझा
आध्यात्मिक गुरु




**कि**सी ने सवाल किया कि योगी बनने के लिए क्या करना चाहिए? मैंने कहा, जो किसी टीम का वाइस कैप्टन होता है उसके कैप्टन बनने के चांस बढ़ जाते हैं। इसलिए पहले उपयोगी बनो, फिर योगी बनने का मौका मिल सकता है। उपयोगी वही बन सकता है जो अध्यात्म से जुड़ा है, जिसका मन दूसरों के दुख को देखकर द्रवित होता है। जो व्यक्ति स्वार्थी है वह न तो अपनों के लिए और न ही समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी हो सकता है। उपयोगी बनने के लिए जीवन में तीन गुणों का होना जरूरी है। पहला प्रेम , दूसरा त्याग और तीसरा सेवा। जिनमें ये तीनों गुण हैं ऐसा व्यक्ति योगी बन सकता है।



**खत्म होंगी जीवन की सारी उलझनें:** भक्ति मार्ग के आचार्य स्वामी रामानुजाचार्य के पास एक बार एक युवक आया और उसने कहा, 'मुझे भगवान के दर्शन करने हैं। आप मुझे उनके दर्शन कराओ।' उन्होंने कहा,'तुम्हें भगवान के दर्शन करने हैं, तो ठीक है कोई समस्या नहीं है। लेकिन तुम पहले मेरे एक प्रश्न का उत्तर दे दो। क्या तुमने जिंदगी में कभी किसी से प्रेम किया है?' सवाल सुनकर वह युवक चौंका, फिर उसने उसने आचार्य जी को आश्वस्त करने के भाव से कहा, 'मैं ऐसे झंझट में कभी पड़ा ही नहीं।' रामानुजाचार्य को थोड़ा धक्का लगा कि यह व्यक्ति प्रेम को झंझट मानता है। लेकिन उस बारे में कुछ न कहते हुए उन्होंने फिर से वही सवाल किया कि तुम अपने बीते हुए जीवन में झांक कर जवाब दो, क्या जिंदगी में तुमने कभी किसी से प्रेम किया?' कुछ देर सोच-विचार करने के बाद युवक ने फिर से वैसा ही जवाब दिया। उसने कहा, 'महाराज, मैं आजकल के युवकों जैसा नहीं हूं। मेरा बचपन से यही ध्येय रहा है कि भगवान से मिलना है। दुनियादारी और प्रेम-प्यार के झंझटों से मैं दूर ही रहा हूं।' स्वामी जी ने तीसरी बार भी वही प्रश्न किया, 'अपने बीते हुए जीवन की किताब का हर एक पन्ना पढ़ कर जवाब दे। किसी पन्ने पर ऐसा प्रसंग होगा कि तूने किसी से प्यार किया है। ठीक से देख ले, अपने बीते हुए जीवन को। तीसरी बार भी उस युवक ने कहा, 'नहीं महाराज मैंने ऐसी भूल नहीं की।' उस युवक का यह जवाब सुनकर स्वामी रामानुजाचार्य निराश हो गए और उन्होंने उस युवक से कहा, 'तो फिर मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता। क्योंकि जिंदगी में जिसने कभी किसी से प्रेम नहीं किया। वह ईश्वर से क्या प्रेम करेगा ! तू अब तक जिंदा कैसे है? इंसान प्रेम के सहारे ही जीता है, दूसरों को जीना सिखाता है।'

-यह लेखक के अपने विचार हैं।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 02 नवंबर से 08 नवंबर तक




पंडित विष्णु राजौरिया


**मेष राशि:** आगामी सप्ताह में मेष राशि के जातकों को अत्यंत व्यस्तता एवं भाग दौड़ भरी जिंदगी रहने के संकेत हैं कार्य की अधिकता होने के कारण आपको अनेक स्थानों पर अनेक कार्यों को संपन्न करना होगा प्रसन्नता की बात यह है कि आपके परिवार में मांगलिक कार्य का शुभारंभ हो सकता है।

**वृषभ:** वृषभ राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे विगत दिनों से किया गया परिश्रम इस सप्ताह में फलीभूत होने के संकेत हैं। आप अपने कार्यों में निरंतरता रखें और कठिन परिश्रम कार्य सिद्धि का सूत्र बनेगा।

**मिथुन:** मिथुन राशि के जातक घर परिवार के कार्यों के कारण कुछ चिंता ग्रस्त हो सकते हैं पारिवारिक जिम्मेदारियां घर में किसी बुजुर्ग के स्वास्थ्य के कारण आपको चिंता हो सकती है। व्यापार व्यवसाय में उतार चढ़ाव और कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले जातकों को सामान्य कष्ट का संकेत मिल रहा है।

**कर्क:** कर्क राशि के जातकों को यह सप्ताह अत्यंत अनुकूल रहने के संकेत हैं युवावस्था वाले जातकों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता साथी व्यापार व्यवसाय एवं नौकरी के क्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत मिल रहे हैं। स्त्री जातकों को अपने कार्यों में विशेष सफलता मिलेगी।

**सिंह:** सिंह राशि के जातकों को यह सप्ताह कुछ कठिनाई भरा हो सकता है विशेष रूप से आप बाद विवाद से बच्चे एवं अपने निकट सहयोगियों से सामंजस्य बनाकर रखें अन्यथा आपको विवाद में पढ़ने से कष्ट हो सकता है।

**कन्या:** कन्या राशि के जातकों को यह सप्ताह उत्तम लाभकारी सिद्ध होगा आपके व्यापार व्यवसाय एवं कार्य क्षेत्र में निरंतर प्रगति होगी। साथी घर परिवार के लंबित कार्य संपन्न होने से परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला:** तुला राशि के जातक आगामी सप्ताह में बेहतर प्रदर्शन करके अपने कार्यक्षेत्र में प्रगति करेंगे ,मान सम्मान ,प्रतिष्ठा और धन की भी प्राप्ति होगी। अपने कार्य क्षेत्र में विस्तार करने का अवसर प्राप्त होगा। अधीनस्थों का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के जातक आगामी सप्ताह में वृश्चिक राशि के जातक आगामी सप्ताह में आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे, निरंतर कार्य करने से आपके लंबित कार्य पूर्ण होने का संकेत मिल रहा है, जो आपके जीवन में विशेष बदलाव ला सकता है।

**धनु:** धनु राशि के जातक घर परिवार में और अपने कार्य क्षेत्र में अपने संगी साथियों के साथ सामंजस्य बनाकर रखें अन्यथा आप किसी अप्रिय विवाद में पढ़ सकते हैं। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और बातचीत में शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें ,अन्यथा विवाद से आपको आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर:** मकर राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे आपके कार्यों में आपकी कार्यशैली का स्पष्ट प्रभाव दिखेगा, धैर्य से काम करने की प्रवृत्ति होने के कारण आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे।

**कुंभ:** कुंभ राशि के जातक आगामी सप्ताह में कुछ कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं आपके कार्यों की उपेक्षा एवं आपके मान सम्मान में कमी करने का प्रयास किया जा सकता है जो की सफल नहीं होगा अपितु आपको संयम से काम लेने की आवश्यकता है, साथी आप अपने कार्यों में निरंतर रखें उच्च स्तर पर आपका मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा बनी रहेगी।

**मीन:** मीन राशि के जातकों को यह सप्ताह विगत सप्ताह की अपेक्षा अधिक अनुकूल रहने के संकेत मिल रहे हैं आपके जीवन में बदलाव के लिए इस सप्ताह में कोई नया कार्य का शुभारंभ हो सकता है, साथी आए के साधन व्यापार व्यवसाय एवं कृषि के कार्यों में बदलाव होकर सकारात्मक लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

## हेल्थ अपडेट

# सर्दी के मौसम में प्रदूषण से फेफड़ों को बचाने के लिए फ्रूट्स हैं कारगर, ऑक्सीजन फ्लो बढ़ेगा

**सर्दी** में फेफड़ों पर दोधारी तलवार चलती है। एक तरफ ठंड से लंग्स फंक्शन कम हो जाता है और दूसरी तरफ पॉल्यूशन उन्हें डैमेज करने लगता है। लेकिन अब खराब AQI और PM2.5 आपके फेफड़ों का कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों ने अध्ययन करके एक तरीका निकाला है। न्यूट्रिशनिस्ट लीमा महाजन ने बताया कि पॉल्यूशन के संपर्क में आने से शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है। इसमें फ्री रेडिकल से फेफड़ों की सेल्स डैमेज होने लगती हैं और इम्यूनिटी भी कम हो जाती है। यह स्वस्थ लोगों के रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट को भी खराब कर सकती हैं।

एक्सपर्ट ने एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव में छपी 2018 की स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि जो लोग ज्यादा फल और सब्जियां खाते हैं, उनके फेफड़ों की क्षमता PM2.5 जैसे प्रदूषण में भी कोई खास कम नहीं होती है। इससे शरीर को हेल्दी रखने के लिए सही डाइट का महत्व पता चलता है।

**ज्यादा फल खाएं:** यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसायटी कॉन्ग्रेस में 2025 की एक स्टडी में पाया गया कि जिन महिलाओं ने हर दिन फलों के चार या उससे ज्यादा पोर्शन खाएं, उनका लंग फंक्शन कम फल खाने वाली महिलाओं से ज्यादा बेहतर था। लीमा महाजन ने फेफड़ों को हेल्दी रखने वाले 8 फल बताए हैं।



जिनमे पहले नंबर पर है सेब जो काफी हेल्दी फ्रूट है। इसे सर्दी में जरूर खाना चाहिए। यह फेफड़ों की इंफ्लामेशन और सूजन को कम करने में मदद करता है। अमरूद खाने से पॉल्यूशन के कारण बढ़ने वाले फ्री रेडिकल कम हो जाते हैं। संतरा या कीनू जैसे फल एंटीऑक्सीडेंट्स देते हैं। यह सांस की नली की सुरक्षा करने का काम करते हैं। अनार खाने से शरीर में ऑक्सीजन फ्लो सुधरता है। इसके साथ सेल्स रिपेयरिंग में मदद मिलती है।

**आंवला और बेरीज:** आंवला रोज खाना चाहिए। इसे खाने से ठंड व प्रदूषण का ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस फेफड़ों पर अटैक नहीं कर पाता। दूसरी तरफ बेरीज शरीर में किसी भी तरह की इंफ्लामेशन को कम करने का काम करती है। अगर शरीर से सारे खतरनाक तत्व निकालना चाहते हैं तो पपीता खाएं। यह डिटॉक्स करने और गट-लंग बैलेंस बनाने का काम करता है। कीवी से इम्यूनिटी बढ़ती है और रेस्पिरेटरी हेल्थ सही रहती है।

## टेक्नोलॉजी

# बदलती दुनिया में नहाने के तरीके को स्मार्ट गीजर बना रहे हाईटेक, बिजली की होगी बचत

**क्या** आपके साथ सर्दियों में कभी ऐसा हुआ है कि जब आप नहाने बाथरूम में घुसें, तो पता चले कि आप गीजर ऑन करना ही भूल गए थे। दरअसल नॉर्मल गीजर को ऑन किए बिना उनसे गर्म पानी लेना असंभव है लेकिन स्मार्ट गीजर या स्मार्ट वॉटर हीटर इस समस्या का हल हैं। दरअसल ये नए जमाने के गीजर सिर्फ पानी गर्म नहीं करते, बल्कि आपकी सुविधा, सुरक्षा और बिजली की बचत का भी पूरा ध्यान रखते हैं। मोबाइल से कंट्रोल होने वाले ये गीजर अब आपके रोजमर्रा के कामों को और भी आसान बना सकते हैं। यहां हम बता रहे हैं ये स्मार्ट वॉटर हीटर कैसे काम करते हैं और क्यों ये पुराने गीजर से बेहतर हैं।



**स्मार्ट वॉटर हीटर क्या है?:** स्मार्ट वॉटर हीटर उसे कहते हैं, जो गीजर का काम करने के साथ-साथ कई और फीचर्स के साथ भी आता है। यह एक Wi-Fi कनेक्टेड डिवाइस होता है जिसे आप अपने मोबाइल ऐप से कंट्रोल कर सकते हैं। नॉर्मल गीजर जहां सिर्फ पानी गर्म करते हैं, वहीं स्मार्ट गीजर में कई एडवांस फीचर्स होते हैं। इसमें आप मनचाहा तापमान सेट कर सकते हैं, पानी गर्म करने का टाइम शेड्यूल कर सकते हैं और यहां तक कि ट्रैक कर सकते हैं कि आपका गीजर कितनी बिजली खर्च कर रहा है। इन स्मार्ट गीजर में एक डिजिटल डिस्प्ले भी होता है जो बताता है कि टैंक में पानी कितना गर्म है। यानी आप अंदाजे से नहीं, सटीक तापमान पर नहा पाते हैं।

**कैसे काम करता है स्मार्ट गीजर?:** स्मार्ट गीजर को सेट करना बहुत आसान है। सबसे पहले इसे अपने घर के ड्ड्ढ-स्न्ड्ढ नेटवर्क से कनेक्ट करना पड़ता है। इसके बाद आप इसे अपने फोन पर मोबाइल ऐप के जरिए कंट्रोल कर पाते हैं। इसके लिए पहले आपको ऐप में 'Add Device' पर जाकर 'Water Heater' को चुनना पड़ता है। एक बार कनेक्ट होने के बाद, आप मोबाइल से इसे ऑन-ऑफ कर सकते हैं, तापमान बदल सकते हैं या टाइमर सेट कर सकते हैं। स्मार्ट गीजर का सबसे बड़ा फायदा है कि आप घर से बाहर रहते हुए भी इसे कंट्रोल कर पाते हैं।

## यूटिलिटी

# आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया तो पहली जनवरी से बेकार हो जाएगा पैन कार्ड

**पैन** कार्ड सभी भारतीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज है। 1 जनवरी 2026 से ऐसे लोग पैन कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे, जिन्होंने उसे आधार कार्ड से लिंक नहीं किया है। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आधार को पैन से लिंक कराने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 है। अगर 1 जनवरी 2026 तक पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया गया, तो वह डिएक्टीवेट हो जाएगा।

**लिंक करने का तरीका:** पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की प्रोसेस बहुत ही सरल है। अपने मोबाइल या लैपटॉप पर इनकम टैक्स विभाग की वेबसाइट को ओपन करें या सीधे इस लिंक https//www.incometa&.gov.in/iec/foportal/ पर भी क्लिक कर सकते हैं। इसमें इनकम टैक्स का होमपेज खुलेगा, जिसमें बायीं ओर नीचे की तरफ लिंक आधार का विकल्प आएगा। उस पर क्लकि करें।क्लिक करते ही नया पेज खुलेगा, जिसमें पैन नंबर और आधार नंबर दर्ज करने का ऑप्शन आएगा। पैन और आधार नंबर डालने के बाद आपको 1 हजार रुपये का पेमेंट करना होगा। इसके बाद आपकी रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली जाएगी और जल्द प्रोसेस पूरा हो जाएगा।




**ध्यान रखने वाली बात:** आधार और पैन को लिंक करने के दौरान आपके पास एक मोबाइल नंबर भी होना चाहिए। ऐसा मोबाइल नंबर जो आपके आधार कार्ड के साथ रजिस्टर्ड हो। इसके बिना प्रोसेस पूरा होने में दिक्कत आएगी। याद रहे कि आधार और पैन को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 है।

# चारों तरफ अवैध कॉलोनाइजरों का फैला मकड़जाल

## जल्द लगेंगे अवैध कॉलोनियों के खेतों पर चेतावनी बोर्ड

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक शहर मंडीदीप में इन दिनों भोले भाले परिवार जनों को उनके खुद के घर का सपना दिखाकर उनको कृषि भूमि पर लाल, पीले, हरे रंग के झंडे लगाकर किसान के साथ मिलकर बड़े-बड़े लुभाने वाले बोर्ड लगाकर साथ ही नगरपालिका से विकास अनुमति व टाउन कंट्री प्लानिंग, रोड, पानी, बिजली जैसी सुविधाएं दिखा कर उनके सपनों के साथ खिलवाड़ का मामला मंडीदीप के आसपास जोरों से जारी है। विगत दिनों पूर्व में कृष्णा रेजिडेंसी फेस 1 के नाम पर दशरथ साहू नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध कॉलोनी काटकर लोगों से धोखाधड़ी करते हुए एक प्लॉट कई लोगों को बेचने का मामला सामने आया था।

नगर में कृष्णा रेसीडेंसी 2 के नाम मुंडला में दूसरी कॉलोनी काटी गई जानकारी के मुताबित इस बिल्डर के हौसले इतने बुलंद है की मुंडला मे अवैध कॉलोनी जाने के मोड़ पर शमशान घाट बना हुआ है वहा पर एंट्री के समय शमशान घाट न दिखे इस लिए शमशान घाट को बाउंड्री वाल से बंद करने का काम किया गया था जिसे मुंडला के ग्राम वासियों ने तत्काल शिकायत करते हुए हटवा दिया जानकारी के मुताबीत वहा भी भोले भाले परिवार जनों के साथ धोखाधड़ी करने की बात सामने आई है



नगरपालिका पालिका मंडीदीप के इस प्रकार के सुस्त रवैये के कारण और भाजपा नेताओ के संरक्षण में एक बार फिर इस बिल्डर द्वारा कृष्णा रेजिडेंसी 3 के नाम से वार्ड क्रमांक 23 हिमांशु सिटी के सामने दशरथ साहू के द्वारा अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। इस विषय पर दोपहर मेट्रो की टीम ने अधिकारियों से चर्चा की तो उन्होंने तत्काल कार्यवाही की बात कही और जल्द इन पर बड़ी कार्रवाही की बात कही।

कई बार कृष्णा रेजिडेंसी के नाम पर नोटिस जारी किये गए है साथ ही थाना मंडीदीप मे अवैध कॉलोनी काटने वाले दशरथ साहू नाम के व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज करवाया जायेगा साथ ही जहा प्लॉटिंग हो रही है वहा नगरपालिका का चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा ताकी किसी के साथ धोखाधड़ी न हो।

– **प्रशांत जैन**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी

अवैध कॉलोनाइजरों को चिन्हित किया गया है। जल्द इन पर मुकदमा दर्ज करवाया जायेगा। साथ ही जहां-जहां पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है, वहां पर नगर पालिका के द्वारा सावधान सतर्क रहे जैसे चेतावनी वाले बोर्ड लगाने कार्य किया जायेगा।

– **चंद्रशेखर श्रीवास्तव**, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरगंज

---

## पचमढ़ी में कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर

# भाजपा सांसद माया नारोलिया ने बताया 'नकल और प्रपंच'

**मंगेश यादव, नर्मदापुरम**

नर्मदापुरम के पचमढ़ी में शुरू हुए कांग्रेस के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कांग्रेस के इस आयोजन पर तीखा प्रहार करते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की नकल करार दिया है।

माया नारोलिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जो लगातार चलती रहती है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को गढ़ने, उन्हें वैचारिक रूप से मजबूत करने और संगठन के प्रत्येक स्तर पर प्रशिक्षित करने के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस यह सोचती है कि हम कैसे संगठन को मजबूत करें, कैसे हम फील्ड पर देखें, कैसे हम बीजेपी को नीचे दिखाने का काम करें। सांसद नारोलिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न तो कोई



मजबूत संगठन है, न कोई ठोस नीति, और न ही कोई स्पष्ट पंचनिष्ठा। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, जब भी कांग्रेसी एक मंच पर आते हैं, तो मंच टूट जाते हैं और लात-घूंसे चलते हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका प्रशिक्षण शिविर कितना सफल होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से दृढ़ और संगठनात्मक रूप से कुशल बनाने की परंपरा है, जबकि कांग्रेस का यह शिविर केवल राजनीतिक प्रपंच लगता है। नारोलिया ने कहा कि कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर यह साबित करता है कि पार्टी दिशाहीन हो चुकी है और केवल भाजपा की नीतियों की नकल करके खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

---

# आदर्श आवासीय विद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस मनाया

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले और नर्मदापुरम जिले के सबसे पुराने आवासीय विद्यालय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तवा नगर एवं अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस का आयोजन किया गया ! जिसमें विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रीता सिंह ठाकुर, विनोद केवट मंडल उपाध्यक्ष, भूपेश साहू अंत्योदय समिति अध्यक्ष, सरपंच शिवनारायण धुर्वे, उप सरपंच रविशंकर पासी, प्रदीप उपाध्याय, आशीष मिश्रा जितेंद्र भूमरकर, रवि दीपक यादव उपस्थिति थे। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तवानगर का समस्त शिक्षक की स्टाफ उपस्थित रहा। सभी वक्ताओं ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए ! भूपेंद्र साहू अधीक्षक द्वारा दोनों छात्रावासों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया की विद्यालय की उपलब्धियां असीमित है, वर्ष 1986 से विद्यालय की स्थापना से लगातार अब तक 350 से अधिक छात्र विद्यालय से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं ! संस्था से निकले हुए छात्र पीएससी यूपीएससी आईएएस पास कर विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आदर्श



आवासीय विद्यालय की स्थापना को 39 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं !संस्था में विगत 5 वर्षों से सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें भी संस्था के बोर्ड परीक्षा के छात्रों का परीक्षा परिणाम लगातार सत प्रतिशत आता रहा है। सत्र 2024 -25 में कक्षा दसवीं के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के कारण संस्था को मध्य प्रदेश की सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित करने वाली 10 सर्वश्रेष्ठ शासकीय विद्यालयों में सम्मिलित कर संस्था के प्रभारी प्राचार्य दीपक कुमार सोनी को सम्मानित किया गया ! विगत वर्षों में संस्था के मरम्मत कार्य एवं बाउंड्रीवॉल कार्य के लिए स्थानीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा के अथक प्रयासों का परिणाम स्वरूप विद्यालय एवं छात्रावास में मरम्मत कार्य तथा बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु 2 करोड़ 77 लाख रुपए की राशि जनजातिया कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत की गई जिसका सुखद परिणाम निकालकर अब सामने आ चुका है !

---



## मां नर्मदा तट पर 51 हजार दीपों से जगमगाया नर्मदापुरम

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर मां नर्मदा के तट सेठानी घाट पर भक्ति, प्रकाश और संस्कृति का भव्य महा-संगम देखने को मिला। श्रीराम पथ गमन मार्ग पर आयोजित 'दीपोत्सव पर्व में कुल 51 हजार दीपों से सेठानी घाट आलोकित हुआ, जबकि चित्रकूट से लेकर अमरकंटक तक एक साथ 3 लाख 51 हजार 111 दीप प्रज्वलित कर संपूर्ण प्रदेश को जगमगा दिया गया। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन नर्मदापुरम् के सहयोग से आयोजित इस दीपोत्सव ने श्रद्धा और संस्कृति की अखंड ज्योति पुनः जागृत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन और वेदपाठी आचार्यों के मंत्रोच्चार से हुई। इसके पश्चात नर्मदाष्टक का गान और सात आचार्यों द्वारा मां नर्मदा की भव्य महाआरती की गई। गोधूलि बेला में दीपों की ज्योति से सजा घाट शहरवासियों और पर्यटकों का आकर्षण केंद्र बना रहा। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और सजावट के बीच श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर मां नर्मदा और प्रभु श्रीरामचंद्र के प्रति अपनी भावांजलि अर्पित की। इस अवसर पर न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.पी. नामदेव ने कहा कि न्यास का उद्देश्य प्रभु श्रीरामचंद्र के जीवन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। दीपोत्सव में भोपाल के दीप म्यूजिकल ग्रुप ने भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां नर्मदा की आराधना से लेकर राम-सिया के मंगल भजनों तक भक्ति का प्रवाह निरंतर बहता रहा। समूह की प्रस्तुतियों से माहौल देवमय बन गया और श्रद्धालु सियावर रामचंद्र जी के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान करते रहे।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, रूपेश राजपूत, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, ज्वाइंट कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## शहर में भागवत कथा का आयोजन

# इस युग में वास्तु दोष ने नहीं वाक्य दोष ने घर को बिगाड़ा : पं. नीरज

**सिवनीमालवा, दोपहर मेट्रो**

आज के समय में बास्तु दोष तो कम घर में है पर बाक्य दोष हर घर में है बास्तु दोष के उपाय है पर बाक्य दोष का कोई उपाय नहीं दिखाई देता नजर आ रहा है। आज की पढ़ी लिखी सभ्य समाज का एक असभ्य चेहरा कि संतानो के विवाह उपरांत अपने वृद्ध माता पिता को अलग कर देना या वृद्ध आश्रम में छोड़ आना यह बहुता ही दुखद और निंदनीय व्यवहार है। जीवन में कुछ लोग पसंद से मिलते है पर मांता पिता परमात्मा तो पुण्य से ही मिलते है, पसंद के पीछे हम पुण्य को ना छोड़े इस भारत में महाभारत द्रोपदी के बाक्य दोष से ही शुरू हुआ था कि अंधे का पुत्र भी अंधा है। वाणी वाण से और बोली गाली से भी बडा घाव देती है। यह बात पं. नीरज महाराज ने सिवनी मालवा की उप नगरी में गोयल परिवार में चल रही भागवत कथा में बालकृष्ण के जन्म उत्सव



में कही। कथा को विस्तार देते हुए बताया की समुद्र के मंथन से अमृत निकला जो हर जीवआत्मां से परे था पर इस धरा पर गैया और मैया ने ही उस अमृत को अधराअमृत के रूप मे पिलाकर हमे सक्षम वनाया। धर्म और अमृत के मामले मे राक्षस एक हो गये थे तो हम तो मनुष्य है हम भी एक रहे, घर की लडाई का समझौता सरल है पर धर्म की लड़ाई का समझौता कठिन है। अंग्रेजी भाषा का एक शब्द है कि हम क्वान्टिटी में ही नहीं क्वालिटी में भी आगे रहे। कौरवो के पास संख्या ज्यादा थी साथ ही श्री कृष्ण जी की पूरी सेना भी थी पर स्वयं सेनापति कृष्ण पांडव और धर्म के पक्ष मे थे। इस दौरान नंद घर आनंद भयो के साथ पूरा कथा स्थल धर्ममय हो गया। कथा में गोयल परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया गया, उत्सव के दौरान माखन मिश्री की महाप्रसादी का बितरण किया गया।

---



## बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर मंडीदीप में बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। राधा कृष्ण मंदिर से भव्य ध्वज यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्टेशन रोड पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा ध्वज यात्रा का पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। सतलापुर ब्रिज के नीचे यात्रा का भव्य स्वागत हुआ, जहाँ श्रद्धालु नाचते-गाते 'श्याम तेरी बंसी की धुन ने मुझे श्याम दीवाना बना दिया' जैसे भजनों पर झूम उठे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, अमित अग्रवाल, विनय अग्रवाल, भोजपुरी समाज अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौबे, वरिष्ठ पत्रकार तीक अहमद, समाजसेवी परितोष राय तेरा पार्षद जगदीश शर्मा,संतोष विश्वकर्मा राकेश सिंह (रजजू भैया), नितेश पटेल, छोटू स्क्रैप ठेकेदार, सोनी जी सच्चिदानंद सिंह, कन्हैया साहू, राजकुमार चौहान, लंबोदर नरवरिया, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं युवा शक्ति उपस्थित रही। भक्ति भावना से ओतप्रोत यह आयोजन नगर में धार्मिक एकता और आस्था का प्रतीक बना रहा।

## सामाजिक बुराइयों को लेकर किया जागरूक



**मंडीदीप।** थाना मंडीदीप में किशोरी जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगल बाजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक रायसेन, एसडीओपी ओब्दुल्लागंज द्वारा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, बालिकाओं को जागरूक करना, भ्रूण हत्या रोकना, बाल विवाह रोकना, नशा मुक्ति, साइबर फॉड आदि सामाजिक बुराइयों के संबंध में जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एवं संगीत के माध्यम से किशोरी जागरूकता के अंतर्गत महिला सुरक्षा, गुड टच, बेड टच, बाल विवाह, नशा मुक्ति एवं यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी दी गई।

## विस स्तर पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**गंजबासौदा।** सांसद खेल महोत्सव संसदीय क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतें एवं शहरी क्षेत्र के खेल प्रेमी अपनी भागीदारी दर्ज करा रहे हैं। इसी को लेकर शनिवार को जनपद पंचायत में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मशाल जुलूस जनपद कार्यालय से प्रारंभ होकर लाल पठार स्थित इंटरनेशन पब्लिक स्कूल तक निकाला गया। जिसमें नगर के प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थी के साथ भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए। तत्पश्चात मशाल जुलूस को भाजपा के ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.राकेश सिंह जादौन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमनारायण विश्वकर्मा, जितेंद्र मैना, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, रूपेंद्र शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लखन रघुवंशी, महेंद्र लोधी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जनपद पंचायत सीईओ तपस्या जैन सहित जनपद स्टाफ उपस्थित रहा।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया




**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी मे प्रदेश की गौरवपूर्ण संस्कृति पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा मध्यप्रदेश की धरा दिव्य एवं अलौकिक है यहीं वो चित्रकूट स्थल है जहाँ त्रेतायुग में श्रीराम ने वनवास काल व्यतीत किया। यही वो ज्ञान की भूमि है जहाँ द्वापरयुग में श्रीकृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम उज्जैन में वेदाध्ययन किया। समाजसेवी चतर सिंह व पालक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष रश्मि पंथी ने ज्ञान का प्रकाश घर घर पहुंचाने का आहवान करते हुऐ भारत को विश्व गुरू के सिंहासन पर पुनः विराजमान करने का संकल्प दिलाया। वरिष्ठ नागरिक अनार बाई लोधी ने गरीबों के भी सभी पर्व त्यौहार धूमधाम हों इसके लिए अधिकतम सामान गरीब छोटे दुकानदारों से खरीदने स्वदेशी को बढावा देने आनलाइन खरीददारी से बचने की बात रखी। मुख्य अतिथि यशोदा बाई लोधी ने मध्यप्रदेश का इतिहास बताया।

---

# आरोन रोड और पामाखेड़ी में हुई पाड़ों की भिड़ंत, देखने पहुंचे हजारों लोग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

देवउठनी एकादशी पर शनिवार को शहर में दो स्थानों पर पाड़ो की लड़ाई का आयोजन किया गया। आरोन रोड पर भाजपा नेता रूपेश यादव के पाड़ों की लड़ाई का आयोजन रखा गया था। जिसे देखने के लिए दोपहर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यादव ने अपने खेत में पाड़े लड़ाने की व्यवस्था की थी। लड़ाई देखने आए लोगों को खेत की तारफेंसिंग के बाहर खड़े रहने का प्रबंध था। लड़ाई शुरू होने से पहले ही दोनों पाड़े एक दूसरे को देखकर ही लौट गए। कुछ देर बाद दोनों ही पाड़ों में जमकर भिडंत भी हुई। करीब पांच मिनट तक चली इस लड़ाई को वहां मौजूद पहलवानों को ही रूकवाना पड़ी। हालांकि इस समय तक अधिकांश लोग



वापस लौट गए थे। इसी तरह पामाखेड़ी में भी पाड़ों की लड़ाई का उत्साह दिखाई दिया। यहां पर गांव में ही रहने वाले हरिओम शर्मा और सुनील शर्मा के पाड़ों के बीच भिडंत थी। यहां भी बड़ी संख्या में दर्शक इस लड़ाई देखने के लिए पहुंचे और जब तक लड़ाई हुई वहीं पर डटे रहे।

---

**मेट्रो एंकर**

## कॉलेज के लिए जमीन की मांग, छात्र संगठन की मांग पर विधायक सुरेंद्र पटवा बने रहे मूकदर्शक

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने मंत्रियों को रोक सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडीदीप नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार एवं राजमंत्री मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को रोककर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शासकीय राजा भोज महाविद्यालय के लिए लंबे समय से लंबित भूमि आवंटन का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, जो एक दशक से अधिक समय से कॉलेज के लिए जमीन आवंटन का खोखला आश्वासन देते आ रहे हैं, मूकदर्शक बने खड़े रहे। परिषद ने मंत्री द्वय को बताया कि



मंडीदीप में कॉलेज की स्थापना वर्षों पहले हो चुकी है, लेकिन स्थायी भूमि न मिलने से नियमित शैक्षणिक गतिविधियां बाधित हैं। कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और खेल मैदान जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित नहीं हो पा रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

नगर मंत्री धनंजय पटेरिया ने कहा कि मुद्दा कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे छात्रों और अभिभावकों में गहरा रोष है।

### परिषद ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से तीन मुख्य मांगें की गई

1. महाविद्यालय के लिए उचित भूमि का त्वरित आवंटन।
2. भवन निर्माण और आवश्यक अधोसंरचना विकास की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करना।
3. सात दिनों में ठोस निर्णय न होने पर चरणबद्ध आंदोलन।

### 7 दिन मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

अभाविप ने मंत्री द्वय के समक्ष स्पष्ट रूप से अपनी बात रखते हुए कहा कि 7 दिन में कॉलेज के लिए जमीन आवंटित होने की प्रक्रिया नहीं शुरू की जाती है तो परिषद इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए विवश होगी। यह आंदोलन छात्र हित, उच्च शिक्षा विकास और क्षेत्रीय शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए होगा।

### अफ्रीका की टीम ने हेलीकॉप्टर की मदद से में सुरक्षित छोड़ा

# पर्यटन को बढ़ावा देने टाइगर रिजर्व में विशेष टीम ने छोड़े 153 काले हिरण

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रबंधन द्वारा लगातार ध्यान जा रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व एक बार फिर काले हिरणों से गुलजार हो गया है। इन काले हिरणों को देर रात शाजापुर के जंगलों से लाकर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सुरक्षित छोड़ा गया। जैसे ही हिरणों को मुक्त किया गया वे कुलांचे मारते हुए जंगल की ओर निकल गए। शाजापुर से पहले खेप में 153 काले हिरण लाए गए हैं। इनको यहां लाने के लिए अफ्रीका से एक विशेषज्ञ टीम आई है।



#### नौरादेही में छोड़े गए काले हिरण



नौरादेही का विस्तृत ग्रासलैंड क्षेत्र नदियों, सरोवरों, पहाड़ों और घने जंगलों से युक्त है। यहां बाघों के अलावा काले और लाल हिरण, नीलगाय, तेंदुआ, भालू, चिंकारा सहित कई अन्य वन्य जीव हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के उपवन मंडल अधिकारी बीपी तिवारी ने बताया कि शाजापुर के जंगलों से अभी वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 153 काले हिरण लाए गए हैं। शाजापुर में पहले से ही काफी संख्या में काले हिरण मौजूद हैं, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। कई किसान भी उन्हें भगाने के दौरान चोटिल हुए हैं। जिसके कारण वहां पर यह समस्या बढ़ती जा रही थी।

**किसानों की समस्या को देखते हुए लिया फैसला:** उपवन मंडल अधिकारी बीपी तिवारी ने बताया कि किसानों की समस्या को देखते हुए वन विभाग ने इन हिरणों का हस्तांतरित करने का फैसला किया। काले हिरणों की पहली खेप नौरादेही सुरक्षित पहुंचाई गई है। यहां का माहौल और जलवायु इन काले हिरणों के लिए काफी मुफीद है। इन्हें काबू करने के लिए शाजापुर के स्थानीय प्रशासन और किसानों ने काफी प्रयास किए, लेकिन जब वह इसमें सफल नहीं हो सके, तो यह निर्णय लिया गया कि इन्हें घने जंगलों जहां पर मैदानी इलाके भी हो वहां पर छोड़ा जाए, ताकि यह निर्भय होकर विचरण कर सके।

#### बोमा तकनीक से पकड़े हिरण

इन हिरणों को पकड़कर स्थानांतरित करने के लिए अफ्रीका से विशेषज्ञों की एक टीम को बुलाया गया है. इस टीम ने हिरणों को पकड़ने के लिए बोमा तकनीक और हेलीकॉप्टर की मदद ली. वहीं दूसरी ओर मजबूत कपड़े का एक बाड़ा तैयार किया. इसके बाद हेलीकॉप्टर की मदद से हिरणों को खदेड़कर एक जगह पर इकठ्ठा किया गया, फिर हिरणों के झुंड को उस बाड़े में भेज दिया गया. इसके बाद में उन्हें पिंजरों में डाला और फिर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व लाकर खुले जंगल में छोड़ दिया गया।

### बुंदेलखंड की डायरी

रवीन्द्र व्यास

# खजुराहो एयरबेस से राष्ट्रीय सुरक्षा की नई ऊंचाई



**मध्य प्रदेश** का खजुराहो अब केवल विश्व धरोहर मंदिरों का नगर नहीं रहेगा, बल्कि यह भारतीय वायुसेना की सामरिक शक्ति का नया आधार बनने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने खजुराहो में देश का सबसे बड़ा एयरबेस स्थापित करने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। लगभग 1000 एकड़ भूमि खजुराहो एयरपोर्ट के समीप चिन्हित की गई है, जहां अब लड़ाकू विमानों और भारी सैन्य परिवहन विमानों के संचालन का केंद्र विकसित होगा।

यह निर्णय केवल रक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं करेगा, बल्कि मध्य भारत की भौगोलिक स्थिति को रणनीतिक संतुलन के केंद्र के रूप में परिभाषित करेगा। उत्तर और दक्षिण भारत के बीच स्थित यह क्षेत्र वायुसेना के लिए एक ऐसा कॉरिडोर सिद्ध हो सकता है, जहां से युद्धकालीन या आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित तैनाती आसान हो जाएगी। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस एयरबेस की स्थापना भारत की वायु सुरक्षा परिदृश्य को मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में पर्याप्त गहराई और संतुलन प्रदान करेगी।

**सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्यों चुना गया खजुराहो:** रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए विश्लेषण में झांसी, ग्वालियर और प्रयागराज जैसे वैकल्पिक विकल्पों की तुलना में खजुराहो को सबसे उपयुक्त पाया गया। इसके पीछे कई वैज्ञानिक और रणनीतिक कारण हैं। बुंदेलखंड का यह इलाका भूकंप की दृष्टि से स्थिर माना जाता है। इसका भूभाग पठारी है और यहां का मौसम सालभर सामान्य रहता है, जिससे उड़ानें प्रभावित नहीं होतीं। धुंध, प्रदूषण और घनी आबादी का अभाव इस क्षेत्र को सुरक्षित और उपयुक्त बनाता है।

भौगोलिक दृष्टि से खजुराहो लगभग देश के मध्य में स्थित है। इससे देश के विभिन्न दिशाओं में समान दूरी और आकाशीय पहुँच संभव होती है। यह सामरिक सुविधा वायुसेना को किसी अप्रत्याशित स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की ताकत प्रदान करेगी। सुरक्षा नीति निर्धारकों ने इन सभी पहलुओं पर गहन विचार कर खजुराहो को प्राथमिकता दी। इसके अलावा, हाल में सम्पन्न सैन्य अभियानों के अनुभवों से यह महसूस हुआ कि देश के भीतर सुरक्षित और तेज़ पहुँच वाले एयरबेस की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। ताजिकिस्तान के आयनी एयरबेस को छोड़ने के बाद भारत की मध्य एशियाई उपस्थिति सीमित हो गई थी। इस पृष्ठभूमि में खजुराहो का नया केंद्र भारतीय वायुसेना के लिए सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

**एयरबेस से विकास और रोजगार की नई ऊर्जा:** खजुराहो एयरबेस का प्रभाव केवल रक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। यह बुंदेलखंड जैसी आर्थिक और औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े मानी जाने वाली भूमि में विकास की नई लहर लाएगा। यहां सैन्य परिसर, प्रशिक्षण विद्यालय, विमान रखरखाव इकाइयां, ईंधन भंडारण केंद्र और बसाहट क्षेत्र बनने से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्ट और निर्माण उद्योगों के लिए यह अवसरों का नया दौर लाएगा। बड़ी मात्रा में आने वाले कर्मियों की उपस्थिति क्षेत्र में सेवा, आवास, परिवहन और भोजन आदि से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देगी। परिणामस्वरूप स्थानीय बाजारों में नए निवेश और आय प्रवाह की शुरुआत होगी। राज्य सरकार के अनुसार, एयरबेस परियोजना से सड़क, रेल और हवाई संपर्क को आधुनिक रूप दिया जाएगा। यह बुंदेलखंड को बाकी भारत से और बेहतर रूप से जोड़ेगा। साथ ही, रक्षा संबंधी सहायक उद्योग जैसे रेडार उपकरण, तकनीकी मरम्मत, संचार व्यवस्था और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाएं इस क्षेत्र की औद्योगिक प्रोफ़ाइल को मजबूत करेंगी।

**पर्यटन, संस्कृति और पर्यावरण की चिंता:** दूसरी ओर, स्थानीय समाज के भीतर इस परियोजना के संभावित दुष्प्रभावों को लेकर चिंताएं भी उभर रही हैं। खजुराहो निवासी सुधीर शर्मा कहते हैं कि खजुराहो का नाम विश्व सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में उसके मंदिरों और कलात्मक परंपरा के कारण दर्ज है। यह नगर अपनी शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक पहचान से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करता है। ऐसे में भारी सैन्य विमान, अभ्यासों का शोर, और लगातार वायु गतिविधियां इस शांति को प्रभावित कर सकती हैं।



पर्यावरणविदों का कहना है कि विमानन क्षेत्र से जुड़ी ईंधन और ध्वनि प्रदूषण की वजह से स्थानीय वन्यजीवों तथा आसपास के प्राकृतिक संतुलन पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। पर्यटन कारोबारी आशंकित हैं कि विदेशी पर्यटकों की संख्या घट सकती है। सामाजिक संस्थाएं चाहती हैं कि सरकार यहां संतुलित नीति अपनाए ताकि विकास के साथ पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा भी हो सके। महिला और युवा संगठनों ने भी सुझाव दिया है कि इस एयरबेस के साथ ऐसे प्रशिक्षण या शोध केंद्र विकसित किए जाएं जो स्थानीय कौशल और परंपराओं को आगे बढ़ाएं, जैसे रक्षा उपकरणों में हस्तशिल्प वस्तुओं का प्रयोग या सांस्कृतिक प्रदर्शनी केंद्र, जो खजुराहो की पारंपरिक पहचान बनाए रखें।



**राष्ट्रहित और स्थानीय संवेदनशीलता का संतुलन:** यह प्रश्न अब केवल विकास का नहीं, बल्कि पहचान और अस्तित्व का भी है। खजुराहो, जो भारत की कलात्मक आत्मा का प्रतीक है, आज राष्ट की सुरक्षा और स्थानीय परंपरा के संघर्ष में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। सरकार के लिए चुनौती यही है कि वह इस परियोजना को इस प्रकार क्रियान्वित करें कि न तो राष्टीय सुरक्षा की तैयारी में कोई समझौता हो, और न ही खजुराहो की सांस्कृतिक आत्मा पर बुरा प्रभाव पड़े।

राष्ट्रहित सर्वोपरि है। देश की सीमाएं सुरक्षित होंगी, तो ही उसके भीतर संस्कृति, धर्म, पर्यटन और पहचान सुरक्षित रह सकेंगे। जैसे शरीर को स्थिर रहने के लिए मजबूत हृदय की आवश्यकता होती है, वैसे ही संस्कृति को बने रहने के लिए सुरक्षित राष्ट की जरूरत होती है। खजुराहो एयरबेस इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है एक ऐसा प्रतीक जो दिखाता है कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं।

**भविष्य का संतुलित दृष्टिकोण:** रक्षा मंत्रालय का यह निर्णय भारत की दीर्घकालिक सुरक्षा नीति का हिस्सा है, परंतु इसका सही लाभ तभी मिलेगा जब इसे पर्यावरणीय दृष्टि से स्थायी और जनहितकारी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। पारदर्शी भूमि अधिग्रहण, उचित मुआवजा, स्थानीय लोगों के लिए प्राथमिक रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण योजनाएं इस परियोजना की सफलता के प्रमुख आयाम होंगे। यदि इस दिशा में संवेदनशीलता और दूरदर्शिता रखी जाती है, तो खजुराहो केवल प्राचीन संस्कृति का प्रतीक नहीं रहेगा, बल्कि यह आधुनिक भारत की रक्षा शक्ति, आत्मनिर्भरता और विकासीय संतुलन का उदाहरण भी बनेगा। खजुराहो की धरती, जहां कला, अध्यात्म और स्थापत्य की आत्मा बसती है, अब राष्ट की सुरक्षा की आत्मा को भी अपना घर देने जा रही है। यह वह संगम है जहां परंपरा और प्रगति एक दूसरे को बल देते हुए भारत की सामूहिक चेतना का नया अध्याय रचेंगे।

## उज्जैन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए हुआ एमओयू साइन

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' कार्यक्रम के दौरान एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उज्जैन एयरपोर्ट के विकास के लिए मध्यप्रदेश शासन के विमानन विभाग एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।एमओयू ,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह समझौता उज्जैन को हवाई संपर्क से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल उज्जैन, बल्कि पूरे मालवा क्षेत्र को नए औद्योगिक, पर्यटन और आर्थिक अवसर प्राप्त होंगे। इस एमओयू का उद्देश्य उज्जैन एयरपोर्ट को ATR-72 श्रेणी के विमानों के संचालन के लिए विकसित करना तथा भविष्य में -320/321 श्रेणी के बड़े विमानों के संचालन की संभावनाओं को साकार करना है। उल्लेखनीय है कि उज्जैन के निकट स्थित दताना हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।

## धान पंजीयन की अंतिम तारीख बढ़ी

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो।** जबलपुर जिले के उन किसान भाइयों के लिए अच्छी खबर है, जिन्होंने अभी तक अपने धान का पंजीयन नहीं कराया है। जिला प्रशासन ने पंजीयन की नई अंतिम तारीख 6 नवंबर 2025 तक कर दी है। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपने पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर लें। पंजीयन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़ना जरूरी है।

## सात जुआरियों से पुलिस ने जब्त किए 3120 रूपए

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पुलिस ने ग्राम धनगौर में दो जुआ फड़ों पर दबिश देकर 7 आरोपियों पर जुआ एक्ट की कार्यवाही की हैं। नगर निरीक्षक नीतेश जैन ने बताया कि ग्राम धनगौर में चंडी चबूतरा के पास जुआ खेलते हुए 4 लोगों को पकड़ा हैं, जिनके पास से 1160 रूपए नगद एवं ताश की पत्ती जब्त की हैं। साथ ही ऋषि साहू के खेत में तीन लोग जुआ खेलते हुए पकड़े हैं, जिनके पास से 1960 नगद एवं ताश की पत्ती जब्त की हैं। सभी आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

### नगर परिषद के अमले के साथ पुलिस स्टाफ की मौजदूगी में की गई कार्यवाही

# नगरपालिका की जमीन पर बन रहे अवैध मकान को कराया अतिक्रमण मुक्त

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमणकारी हावी हो रहे तेंदूखेड़ा नगर में अनेक स्थानों पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो गया है। जहां लोगों के मकान सहित निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जब नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा सरकारी जमीन पर तन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन मुक्त कराई है। मामला तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 का है। जहां शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जाकर पक्के निर्माण कर जमीन बेचने की जानकारी मिलने के बाद नगर परिषद का अमला जागा और वार्ड क्रमांक 9 में खकरिया मार्ग पर नाथ कॉलोनी के पास एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। जहां सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने नपा अमले और पुलिस के साथ मिलकर जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचकर कई जगह सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराई और बोर्ड लगवाकर शासकीय जमीन पर कब्जा न करने की अपील कर शासकीय जमीन पर कब्जा करने पर कड़ी कार्यवाही की करने की चेतावनी दी। इस संबंध में अतिक्रमित भूमि से बुल्डोजर से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले में नगर परिषद की टीम ने बताया कि यहां पर एक व्यक्ति द्वारा एक हफ्ते से अतिक्रमण कर मकान बनाने का काम शुरू किया गया था। लेकिन जिस जगह वह मकान बना रहा था वह नगर परिषद की जगह है और वहां पर पानी का पंप है। कब्जाधारी को लगातार मना करने और नोटिस देने के बाद भी कब्जा कर मकान बना रहा था। जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल, उपयंत्री भूपेंद्र सिंह, थाना प्रभारी नीतेश जैन सहित नगर परिषद का अमला और पुलिस स्टाफ मौजूद था। साथ नगर परिषद कर्मचारियों के साथ राजस्व अमला पुलिस कर्मी मौजूद रहे।





> लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर भूखंड बेचे जा रहे थे और कई प्लॉटों पर पक्के निर्माण हो रहे थे। जांच कराई तो यह सत्यता पाई गई। जिस पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।
>
> – पीयूष अग्रवाल, सीएमओ नगर परिषद,तेंदूखेड़ा

## युवती से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

6 युवकों के द्वारा एक 19 वर्षीय लडकी से चंडी माता चबूतरा के पास छेड़छाड़ की गई एवं बात करने के लिए परेशान किया जा रहा था बदनामी के डर से युवती ने 26 अक्टूबर को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया परिजन नगर के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर डांक्टरों ने जबलपुर रिफर कर दिया। स्वस्थ्य होने के बाद युवती तेंदूखेड़ा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अनूप विश्वकर्मा, साहिल चक्रवर्ती, वीरन चक्रवर्ती, दशरथ चक्रवती, कपिल चक्रवती, अरविंद चक्रवर्ती उर्फ सेकू सभी निवासी सैलवाडा पर धारा 78@2, 351@3, 3@5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया हैं साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

## जिपं सीईओ ने किया गौरेया नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण, कार्यो की सराहना की

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलफगारे ने नगर के शासकीय कालेज में एसआईआर निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। जिसमें समस्त बीएलओ, सहायक बीएलओ उपस्थित रहे। जिनको सीईओ ने निर्वाचक नामावली के तहत दिशा निर्देश दिए। इसके बाद गौरेया नदी उद्गम स्थल इमलीडोल ग्राम पहुंचकर उद्गम स्थल पर किए गए पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। कुछ पौधों में रोग को देखकर जिला पंचायत सीईओ ने सोमवार को उद्गम स्थल पर कृषि वैज्ञानिक को भेजनी की बात कही। जिससे पौधों में उत्पन्न रोग खत्म हो सके। इसके बाद बंधना मुहल्ला में पहुंचकर ग्रामीण विकास समिति टेरी एसजीपी के सहयोग से किए जा रहे कार्यो वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए स्थापित वर्मी बेड का निरीक्षण किया। महिलाओं से भी जैविक खाद बनाने के तरीके के संबंध में चर्चा की। प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से खेती होने वाले फायदों को उपस्थित लोगों ने सीईओ को अवगत कराया। सीईओ ने जीवीएस द्वारा कराएं जा रहे कार्यो की सराहना की।



**मेट्रो एंकर** सिहोरा विस क्षेत्र के श्यामसुंदर शासकीय महावि. खितौला में आयोजित

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ व ननि के कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने केंट विधानसभा अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रांझी तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के श्यामसुंदर शासकीय महाविद्यालय खितौला में आयोजित बीएलओ के प्रशिक्षण को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बीएलओ को आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे तथा मतदाता को अपने या परिजनों के नाम का मिलान या लिंकिंग पिछले एसआईआर ( 2002-2004 ) के रिकॉर्ड से करने में सहायता की जाएगी। इस कार्य के लिए मतदाता और बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.cci.gov.in/ का उपयोग कर सकते हैं।



मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाकर विवरण सुनिश्चित करेंगे। गणना चरण के दौरान किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। गणना प्रपत्र भरवाने की अवधि 4 नवंबर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा, दावे और आपत्तियां 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी तथा अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। खितौला में प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र अहके, तहसीलदार व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार मानस भवन में नगर निगम क्षेत्र के सुपरवाइजर, उप यंत्री, योजना लिपिक व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि एसआईआर के बारे में पूर्ण जानकारी रखना आवश्यक है, क्योंकि गणना पत्रक भरे जाने के दौरान बीएलओ के सहयोग करना है।

# क्रिकेट का वुमेन स्पेशल सुपर संडे

वैसे तो पिछले कुछ सालों से क्रिकेट के नजरिये से कई सुपर संडे देखने को मिले हैं,लेकिन शायद यह पहला मौका होगा जब यह वुमेन स्पेशल सुपर संडे हो गया है।दरअसल आज के दिन भारत की दोनों ही क्रिकेट टीमें (पुरुष और महिला)अलग अलग मैदानों पर खेलने वाली हैं।एक ओर जहां सूर्यकमार की गंभीर ब्रिगेड विदेशी सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी,वहीं दूसरी ओर हरमनप्रीत की सेना मुंबई की घरेलू जमीन अफ्रीकी लड़कियों के खिलाफ इतिहास रचने के इरादे से मैदान में उतरेगी।अगर हम क्रिकेट की चाह रखने वाले देशप्रेमियों व खेल के जानकारों की बात करें तो सभी की टकटकी और निगाहें आज ऑस्ट्रेलिया में होने वाली भिड़ंत से अधिक कहीं मुंबई में होने वाले निर्णायक मुकाबले पर टिकी हैं।जिस वजह से आज का यह क्रिकेट सुपर संडे वुमेन स्पेशल बन गया है।अब अगर हम ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी20 मुकाबले से हटकर बात महिला वर्ल्ड कप फाइनल की करें जिसके चर्चे भी आज अधिक हैं तो फिर आज नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इन दोनों ही टीमों ने कभी विश्व कप का खिताब नहीं जीता है, इसलिए एक बात तय है कि इस बार महिला क्रिकेट को नया चैंपियन मिलेगा। एक ओर जहां भारतीय महिला टीम घरेलू सरजमीं पर इतिहास रचने से एक जीत दूर है वहीं साउथ अफ्रीका टीम भी फाइनल जीत के साथ पहली बार ट्रॉफी उठाने की कोशिश करेगी। दोनों ही टीमों के निर्णायक सफरनामे की बात करें तो भले ही इन टीमों के लिए फाइनल में पहुंचना आसान नही था लेकिन दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट की दो ताकतवर टीमों को पटखनी देकर यह मुकाम हासिल किया है।दक्षिण अफ्रीका का सामना जहां सेमीफाइनल में इंग्लैंड से था तो वहीं भारत के सामने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम थी। दिलचस्प बात यह है कि जैसे इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में हराया था, वैसे ही ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत पर भारी पड़ी थी। इसके बावजूद भारत और दक्षिण अफ्रीका के इरादे नहीं डगमगाए और इन दोनों ने सेमीफाइनल की बाधा को पार किया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहीं। वैसे सेमीफाइनल पर नजर डाले तो फिर दोनों मुकाबलों में सभी टीमों का बल्ला खूब चला है,जहां तीन टीमों ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया है।मतलब साफ है कि आज के फाइनल मुकाबले में भी यह सिलसिला कायम रह सकता है। वैसे इतिहास और दोनों टीमों के बीच हुई भिड़ंत के आंकड़ों पर नजर डालें तो मामला बिल्कुल बराबरी पर टिका हुआ है।भले ही दोनों टीमों के बीच कोई फाइनल मुकाबला न खेल गया हो,लेकिन यह टीमें वर्ल्ड कप में 6 बार आमने सामने हुई है जिसमें गणित 3-3 की बराबरी पर हैं।बस फर्क यही है कि 28 साल के इतिहास में शुरुआती 3 मुकाबले टीम इंडिया के नाम रहे,जबकि पिछले 3 मैच में जीत अफ्रीकी टीम की रही है। मौजूदा वर्ल्ड कप के ग्रुप चरण में भी दक्षिण अफ्रीका टीम ने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की है।वैसे अगर हम इन टीमों की ताकत और कमजोर पहलू की बात करें तो फिर इस मामले में टीम इंडिया बेहतर कही जा सकती है,क्योंकि इसकी बल्लेबाज सभी मैचों दमदार रहे हैं भले ही यह टीम टूर्नामेंट में 3 मैच हारी है लेकिन उसकी वजह आखिरी नाजुक पलों में चूक रही है।वहीं अफ्रीकी टीम की ताकत भले ही उसके दोनों पहलू रहे हैं, लेकिन उसके खेल में निरंतरता की कमी उसका सबसे कमजोर पहलू है।मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ मात्र 69 व ऑस्ट्रेलिया के सामने 97 रनों पर ढेर होना तो यही एहसास कराता है।देखना यह दिलचस्प रहेगा कि टीम इंडिया की गेंदबाजी यूनिट अफ्रीकी बल्लेबाजी की इस कमजोर कड़ी का फायदा कैसे उठाती है।खैर यह सब बातें तो इतिहास के नजरिए से एकदम सही है,लेकिन आज के इस महा-मुकाबले में अब इसके कोई मायने नहीं हैं।मतलब साफ है पुराने गणित जो भी हों लेकिन आंकड़ों और मौजूदा हालात के लिहाज से दोनों का पलड़ा बराबरी पर है और आज के मैच की बढ़त एक टीम को चैंपियनशिप का खिताब देने वाली है, जिस पर पूरे क्रिकेट जगत की नजरें टिकी हैं।फैसला जो भी हो लेकिन मेरे नजरिए में खेलप्रेमियों का नजरिया जब पुरुषों के मैच हटकर वुमेन इन ब्लू को अधिक वरीयता से देखने लगे तो यह महिला क्रिकेट की असल जीत तो कही जा सकती है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

### महिला वर्ल्ड का फाइनल आज: हार का दर्द झेला, अब कहानी बदलने का समय...

# आखिरी जंग के लिए पूरी तरह तैयार है हरमन ब्रिगेड ,जो भी टीम जीतेगी वह रचेगी इतिहास

**नवी मुंबई , एजेंसी**

आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल आज भारत और साउथ अफ्रीका के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में होना है। भारतीय महिला टीम इस मैच को जीतकर पहली बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना चाहेगी। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका भी पहली खिताबी जीत की तलाश में है। यानी जो भी टीम जीतेगी, वो इतिहास रच देगी।

खिताबी मुकाबले से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। हरमनप्रीत ने कहा कि उनकी टीम ने हार का दर्द कई बार झेला है, लेकिन अब उस कहानी को बदलने का समय आ गया है। हरमनप्रीत ने कहा कि अब टीम जीत की खुशी महसूस करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने पिछले कुछ महीनों में आत्मविश्वास, एकजुटता और मेहनत के बल पर ये सफलता हासिल की है।हरमनप्रीत कौर ने कहा, हम जानते हैं हार का एहसास कैसा होता है, लेकिन अब हम यह जानना चाहते हैं कि जीत की फीलिंग कैसी होती है। हमने बहुत मेहनत की है और अब सब कुछ टीम के लिए देना है। उम्मीद है कि 2 नवंबर का दिन हमारे लिए बहुत खास होगा। जब भी हम मैदान पर खुलकर खेलते हैं और गेम को एन्जॉय करते हैं, नतीजे हमेशा हमारे पक्ष में आता है। पिछले दो मैचों में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है।




## पुरुषों के बराबर होगी धनवर्षा

भारतीय महिलाएं विश्व कप जीतती हैं, तो बीसीसीआई उन पर विश्व विजयी पुरुष टीम जितनी धनवर्षा कर सकता है। हालांकि बोर्ड ने अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उन्हें 2024 में टी-20 विश्वकप जीतने वाली पुरुष टीम के बराबर पुरस्कार राशि दी जा सकती है। 2024 में विजेता बनी पुरुष टीम को बीसीसीआई ने 125 करोड़ रुपये का इनाम दिया था। 2017 में जब महिलाएं उपविजेता बनी थीं, तब बोर्ड ने हर खिलाड़ी को 50-50 लाख रुपये दिए थे।

## तीसरी बार फाइनल खेलने जा रही टीम इंडिया

भारतीय महिला टीम तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में उतर रही है। साल 2005 के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 98 रनों से हार मिली थी। वहीं 2017 में इंग्लैंड ने भारत को रोमांचक फाइनल में 9 रनों से हराया था। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के फाइनल में भी भारत को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मात दी थी। इन हारों का दर्द टीम के खिलाड़ियों के दिल में अब भी ताजा है, लेकिन इस बार परिस्थिति अलग है। भारत घरेलू मैदान पर अपने दर्शकों के सामने इतिहास रचने के लिए तैयार है। हरमनप्रीत कौर ने बताया कि इस टीम की सबसे बड़ी ताकत एकता है। हरमनप्रीत कहती हैं, आप वर्ल्ड कप फाइनल जैसे मंच पर होते हैं, तो इससे बड़ा मोटिवेशन कुछ नहीं होता। हमारी टीम पूरी तरह तैयार है। हर खिलाड़ी एक-दूसरे का समर्थन कर रही है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अब बस वक्त है 100 प्रतिशत देने का। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय टीम को लंबे समय से पता था कि यह वर्ल्ड कप भारत में खेला जाएगा और इसी वजह से टीम की खिलाड़ी पिछले कई महीनों से इसके लिए तैयारी कर रही थीं। हरमनप्रीत का मानना है कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल होना महिला क्रिकेट के लिए अच्छे संकेत हैं। हरमनप्रीत ने बताया, हमने हमेशा ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड को इस मंच पर देखा है, लेकिन इस बार दो नई टीमें हैं। यह क्रिकेट के लिए बेहद रोमांचक है। भारत की इस बार वनडे वर्ल्ड कप यात्रा उतार-चढ़ाव से भरी रही है। कभी आखिरी ओवर में जीत, कभी टीम का संघर्ष, लेकिन हर बार हरमनप्रीत कौर की टीम ने हार नहीं मानी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की जीत ने टीम को आत्मविश्वास और ऊर्जा दोनों दी है।

### क्या टीम इंडिया में होगी वापसी?

# करुण नायर बल्ले से मचा रहे धमाल लगातार दूसरे मैच में जड़ दिया शतक

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक की ओर से खेल रहे करुण ने अब केरल के खिलाफ शतक जड़ दिया है। मंगलापुरम (तिरुवनंतपुरम) के केसीए क्रिकेट ग्राउंड में जारी एलीट ग्रुप-बी के इस मुकाबले में करुण ने पहले ही दिन (1 नवबंर) शतक जड़ा। करुण ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 160 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। करुण नायर के फर्स्ट क्लास करियर का ये 26वां शतक लगाया है। इस दौरान करुण ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 9 हजार रन भी पूरे कर लिए। करुण यह उपलब्धि हासिल करने वाले कर्नाटक के छठे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले राहुल द्रविड़, गुंडप्पा विश्वनाथ, बृजेश पटेल, सैयद किरणी और रॉबिन उथप्पा ये उपलब्धि हासिल कर चुके थे। करुण नायर का मौजूदा रणजी में ये लगातार दूसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने गोवा के खिलाफ 174 नाबाद रन बनाए थे। इसके अलावा सौराष्ट्र के खिलाफ करुण ने 73 रनों की शानदार पारी खेली थी।



## करुण नायर संग स्मरण रविचंद्रन ने जमाया रंग

केरल के खिलाफ मैच में कर्नाटक की शुरुआत खराब रही। टीम का स्कोर एक समय 13/2 था। ऐसे में करुण नायर ने पारी को संभाला और शानदार शतक लगाया। उन्होंने कृष्णन श्रीजीत (65 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 123 रनों की साझेदारी की। इसके बाद करुण नायर ने स्मरण रविचंद्रन के साथ चौथे विकेट के लिए शानदार साझेदारी करके कर्नाटक को 300 के पार पहुंचा दिया। पहले दिन स्टम्प तक कर्नाटक का स्कोर पहली पारी में 319/3 था। करुण 142 और रविचंद्रन 88 रन पर नाबाद हैं।

### सीरीज में बने रहने को जीत ही आखिरी रास्ता...

# होबार्ट में पहली बार टी20 खेलेगा भारत मेलबर्न की नाकामी से लेना होगा सबक

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम आज होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया से तीसरे टी20 मैच में भिड़ेगी। सीरीज में बने रहने के लिए भारत को इस मैच को जीतना बेहद जरूरी है।सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से अपने नाम किया। 5 मैचों की सीरीज में अब तीन मुकाबले बचे हुए हैं। होबार्ट में अगर भारत को जीत नहीं मिलती है तो, फिर वह सीरीज भी नहीं जीत पाएगा। मेलबर्न में भारतीय बल्लेबाजी बेहद खराब रही।कप्तान सूर्यकुमार यादव से लेकर उप कप्तान शुभमन गिल ने निराश किया। तीसरे टी20 में भारतीय बल्लेबाजो को अच्छी बैटिंग करनी होगी। उन्हें मेलबर्न की नाकामी से सबक लेना होगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे टी20 मैच में




भातीय टीम 125 रन पर ढेर हो गई थी। सिर्फ दो बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का लक्ष्य 14 ओवर के अंदर ही हासिल कर लिया। इससे साफ पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया ने एकतरफा मैच में भारत को हराया। होबार्ट में उच्च स्कोर वाले मैच के साथ-साथ कम स्कोर वाले मैच भी देखने को मिल सकते हैं। जैसा कि पिछले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पता चलता है। फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को एक मैच में हराया था, जहां दोनों टीमों का स्कोर 200 के पार था।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# शबाना आजमी ने ताजा की 2018 के जन्मदिन की यादें, सिर पर गुलदस्ता रखकर किया डांस

**मुंबई। अभिनेत्री शबाना आजमी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने एक बार फिर पुरानी यादों को ताजा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे सिर पर फूलों का गुलदस्ता रखकर डांस कर रही हैं और आस-पास खड़े लोग गाना गा रहे। अभिनेत्री ने वीडियो पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, यह वीडियो मेरे फोन पर अचानक आ गया। ये तो मेरे 2018 के जन्मदिन का थ्रोबैक है! अब तो एक सीरियस एक्टर के तौर पर मेरी इज्जत ही चली गई!**



वैसे अभिनेत्री का जन्मदिन 18 सितंबर को मनाया जाता है। बहुत से कम लोग ही जानते हैं कि शबाना की मां शौकत आजमी भी एक अभिनेत्री थीं। उन्होंने उमराव जान और सलाम बॉम्बे जैसी यादगार फिल्मों में शानदार भूमिकाएं निभाईं।

शबाना के कुछ किस्सों के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेत्री ने बचपन में दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी। अभिनेत्री की मां शौकत आजमी ने इस बात का खुलासा करते हुए अपनी आत्मकथा कैफ एंड आई मेमॉयर में बताया कि बचपन में शबाना ने दो बार आत्महत्या की कोशिश की थी।

बताया जाता है कि एक समय में अभिनेत्री को शशि कपूर पर क्रश था। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था। अभिनेत्री को पिछली बार स्क्रीन पर क्राइम थ्रिलर डब्बा कार्टेल में देखा गया था। हितेश भाटिया द्वारा निर्देशित इस सीरीज में अंजलि आनंद, ज्योतिका, साई ताम्हणकर, शालिनी पांडे, जीशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे, भूपेंद्र जादावत और गजराज राव जैसे कलाकार शामिल थे। अभिनेत्री जल्द ही राजकुमार संतोषी के अपकमिंग एक्शन ड्रामा लाहौर 1947 में दिखाई देंगी। आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, अली फजल और करण देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ऐश्वर्या राय के जन्मदिन पर रकुल प्रीत सिंह ने दी खास अंदाज में बधाई

मुंबई 1। मंगलोर की साधारण लड़की से लेकर विश्व भर में अपनी अदाकारी का परचम लहराने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या राय शनिवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने उन्हें खास अंदाज में बधाई दी। पूर्व मिस वर्ल्ड और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपना एक अलग नाम बनाया है। उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और हॉलीवुड में द मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेज और ब्राइड एंड प्रेजुडिस जैसी फिल्मों में अभिनय किया। ऐश्वर्या राय की सेहत की कामना करते हुए अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर ऐश्वर्या राय की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा, जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, ऐश्वर्या राय। आपका आने वाला साल खुशियों, अच्छी सेहत, हंसी और उन पलों से भरा हो जो सच में मायने रखते हैं। ऐश्वर्या राय ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। उन्होंने साल 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर दुनियाभर में भारत का परचम लहराया, लेकिन उनका सफर यहीं तक सीमित नहीं था। मिस वर्ल्ड बनने के बाद भी उन्हें कई समय तक बॉलीवुड में संघर्ष करना पड़ा था। अभिनेत्री ने अभिनय की शुरुआत 1997 में तमिल फिल्म इरुवर से की थी और उसी साल उन्होंने फिल्म और प्यार हो गया से बॉलीवुड में कदम रखा। शुरुआत में भले ही




**मेट्रो बाजार**

# अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.95 लाख करोड़ रु. पहुंचा

**नई दिल्ली।** जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्तूबर में कुल जीएसटी संग्रह करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं पिछले साल इसी महीने यह 1.87 लाख आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर महीने में केंद्रीय जीएसटी , राज्य जीएसटी और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) सभी में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि उपकर (सेस) संग्रह में गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में कुल जीएसटी संग्रह में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। भारत की जीएसटी प्रणाली ने 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड सकल संग्रह के साथ एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि हुई है, जो 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 20.18 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मजबूत आर्थिक गतिविधि और बेहतर अनुपालन को दर्शाता है। हालिया जीएसटी संग्रह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक दिशा को दर्शाता है। जीएसटी नीति का मार्गदर्शन करने के लिए संविधान के तहत गठित जीएसटी परिषद ने इस प्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जेट ईंधन की कीमतों में एक फीसदी की बढ़ोतरी, कमर्शियल सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट ईंधन की कीमतों में शनिवार को करीब एक प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम पांच रुपये प्रति सिलेंडर घटाए गए। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के दामों के अनुरूप मासिक समीक्षा के तहत किया गया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों के अनुसार, राजधानी दिल्ली में एटीएफ का दाम अब 777 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.8 प्रतिशत बढ़कर ?94,543.02 प्रति किलोलीटर हो गया है। यह लगातार दूसरा महीना है जब जेट ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं।



परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा 40 प्रतिशत

पिछले महीने यानी 1 अक्तूबर को एटीएफ की कीमतों में 3,052.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 3.3त्न की वृद्धि हुई थी। उससे पहले सितंबर में इसमें 1.4 प्रतिशत या ?1,308.41 प्रति किलोलीटर की कटौती की गई थी। मूल्य वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइनों पर बोझ बढ़ेगा, जिनके परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है। मुंबई में एटीएफ की कीमत 87,714.39 रुपये प्रति किलोलीटर से बढ़ाकर 88,44.87 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इसकी कीमत क्रमशः 98,089.68 रुपये और 97,549.18 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वैट जैसे स्थानीय करों के प्रभाव के आधार पर दरें शहर-दर-शहर भिन्न होती हैं। इसके साथ ही, तेल कंपनियों ने होटलों और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 5 रुपये की कटौती की है। राजधानी दिल्ली में अब वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमत 1,590.50 रुपये हो गई है।

# आरा-नवादा में पीएम आज भरेंगे चुनावी हुंकार

## बिहार विधानसभा चुनाव: शाम को पटना में रोड शो

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, प्रदेश की सियासत पूरी तरह गरमा गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से तमाम नेताओं के दौरे, जनसभाओं और प्रचार अभियानों का सिलसिला तेज हो गया है। इस कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में चुनावी मैदान संभालने जा रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान पीएम मोदी आरा, नवादा और पटना में अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



### पहली सभा आरा और दूसरी नवादा में

प्रधानमंत्री मोदी की पहली जनसभा भोजपुर जिले के आरा में होगी। दोपहर पीएम मोदी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से मतदान की अपील करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी नवादा में आयोजित दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान मंच से पीएम मोदी जनता को संबोधित करेंगे और एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाएंगे।जनसभाओं के बाद प्रधानमंत्री मोदी राजधानी पटना पहुंचेंगे, जहां वे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जानकारी के अनुसार, शाम 5.25 बजे राजधानी पटना में पीएम मोदी राष्ट्रकवि दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करेंगे। पुष्पांजलि के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी शाम 5.30 बजे पटना में एक भव्य रोड शो करेंगे।

### प्रधानमंत्री का रोड शो, इसलिए गिरफ्तारी हुई



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर कहा, 'ऐसा नहीं है कि गिरफ्तारी आज हुई है, पहले भी गिरफ्तारियां हुई, जमानत भी हुई थी, लेकिन जो जंगलराज की बात कर रहे थे, वो आज सबके सामने आ गया कि असली जंगलराज यही हैजहां चुनाव के बीच में नेताओं पर गोली चलवाई जा रही है, नेता ही करवा रहे हैं। आज प्रधानमंत्री का रोड शो है, इसलिए गिरफ्तारी हुई।'

### चिराग का पलटवार, कहा- इतना अहंकार ठीक नहीं

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'अगर सरकार अपराधियों को संरक्षण देती, तो कल रात हुई कार्रवाई नहीं होती। हमारी सरकार में एक बात पर स्पष्ट है, और जैसा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहते हैं, हम न तो किसी को फंसाते हैं और न ही बचाते हैं। इसलिए, यह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा; सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जैसे ही तथ्य और सबूत मिलते हैं, तुरंत कार्रवाई होगी। हम खरमास का इंतजार नहीं करेंगे। हमारी सरकार में, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि न्याय में देरी न हो। इतना (तेजस्वी यादव का) अहंकार ठीक नहीं है।



## न्यूज विंडो

### ब्रिटेन: चलती ट्रेन में कई यात्रियों पर चाकू से हमला, 10 लोग घायल




**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के जबां कैम्ब्रिजशायर में एक ट्रेन में चाकूबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। इस हमले में 10 लोग घायल हुए हैं, जिसमें नौ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेन को हंटिंगडन स्टेशन पर रोककर दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैम्ब्रिजशायर पुलिस के अनुसार, शाम 7:39 बजे ट्रेन में कई लोगों के चाकू से घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बताया कि सशस्त्र अधिकारी मौके पर पहुंचे, ट्रेन को हंटिंगडन में रोका गया और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद कई लोगों को अस्पताल भेजा गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद भयावह बताया। उन्होंने कहा कि मेरे विचार सभी पीड़ितों के साथ हैं। मैं आपात सेवाओं के त्वरित प्रयासों के लिए आभारी हूं। क्षेत्र में मौजूद लोग पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

### 9 साल की बच्ची से गैंगरेप, पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर मंदिर के पास नौ वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। बच्ची की आवाज पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। सीसीटीवी फुटेज में तीन लोग दिखने बताए जा रहे हैं। इन पर शक जताया जा रहा है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के साथ ग्रामीण आरोपितों की तलाश में जुटे हुए हैं।मगोर्रा थाने के सौंख चौकी क्षेत्र में अनूसूचित जाति की एक नौ वर्षीय बच्ची शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे खेलते हुए थोड़ी दूर स्थित सुनसान जगह पर बने मंदिर में पहुंच गई। यहां पर बच्ची को कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया गया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां खून से लथपथ बच्ची को देख लोगों को दुष्कर्म का अंदेशा हुआ। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल पर चला बुलडोजर: एलांते मॉल पर कार्रवाई




**चडीगढ़।** चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल में प्रशासन की तरफ से बुलडोजर एक्शन लिया गया है। आज सुबह ही इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के नेक्सस एलांते मॉल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 35,040 स्क्वॉयर फीट एरिया में बिल्डिंग वॉयलेशन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया था, जिसके बाद आज सुबह ही इस वॉयलेशन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन का अमला सुबह ही जेसीबी मशीन लेकर एलांत मॉल पहुंच गया है। बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। एसडीएम ईस्ट कम असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर खुशप्रीत कौर ने यह नोटिस शनिवार को एलांते मॉल प्रबंधन (मैसर्स सीएसजे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड) को भेजा। मॉल को पहले भी सुनवाई का मौका दिया गया था लेकिन पूरी वॉयलेशन नहीं हटाई गई। अब प्रशासन ने रविवार को कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। इसमें बिल्डिंग वॉयलेशन हटाने के साथ सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है।एस्टेट ऑफिस की रिपोर्ट के अनुसार एलांते मॉल में 10 प्रमुख बिल्डिंग वॉयलेशन की गई हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी पार्किंग क्षेत्र में पाई गई है।

## अनंत सिंह के बाहुबली बनने की दास्तान

# साधु बनने 9 साल की उम्र में घर छोड़ पहुंचे थे हरिद्वार

पटना, एजेंसी



बिहार की राजनीति में बाहुबली के तौर पर पहचान बनाने वाले पूर्व विधायक अनंत सिंह का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। एक समय ऐसा था जब उनका मन दुनियादारी से हटकर पूजा-पाठ में लगता था, लेकिन एक घटना ने उन्हें वैराग्य से हिंसा के रास्ते पर ला खड़ा किया।

5 जनवरी, 1967 को पटना जिले के बाढ़ कस्बे के पास नदवां गांव में जन्मे अनंत सिंह चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका मन बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में नहीं लगता था, इसलिए चौथी कक्षा के बाद उन्होंने स्कूल छोड़ दिया। उनका झुकाव धर्म और आध्यात्मिकता की ओर था, जिसके चलते मात्र 9 साल की उम्र में उन्होंने घर छोड़ दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वह हरिद्वार चले गए और साधुओं के बीच रहकर उनकी सेवा और पूजा-पाठ में लीन रहने लगे।

लेकिन वैराग्य का यह मोह जल्द ही भंग हो गया। एक दिन साधुओं के बीच हुए हिंसक झगड़े को देखकर अनंत दंग रह गए। र उन्होंने संन्यासी जीवन त्याग दिया और वापस अपने गांव लौट आए।

उस दौर में बिहार में माओवादी संगठनों का ज़मींदारों से संघर्ष चरम पर था। पूछताछ करने पर पता चला कि माओवादी संगठन के सरगना ने ही बिराची सिंह की हत्या की है। अनंत आग-बबूला हो गए और उन्होंने भाई के हत्यारे से बदला लेने की ठान ली।

अपने भाई के हत्यारे को ठिकाने लगाने के लिए तुरंत निकल पड़े। उनके साथी ने हथियार न होने और नदी पार करना मुश्किल होने की बात कही, लेकिन बदले की धुन सवार अनंत ने गंगा नदी में छलांग लगा दी।उनके पास कोई हथियार नहीं था, इसलिए उन्होंने पत्थर उठाया। उन्होंने पत्थर से हमला कर हत्यारे को पहले बेहोश किया और फिर एक बड़े पत्थर से उसका सिर कुचल डाला।

### कोर्ट में पेश, जमानत पर संशय

मोकामा हत्याकांड मामले में कार्रवाई तेज करते हुए पुलिस मुख्य आरोपी और जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह को गिरफ्तार कर देर रात पटना लेकर पहुंची। गिरफ्तारी के बाद उन्हें सीधे पटना एसएसपी ऑफिस के डीआईयू सेल में रखा गया है। वहीं, पुलिस की कई टीमें रातभर छापेमारी कर अन्य आरोपियों और संदिग्धों की तलाश में जुटी रहीं। अब तक 80 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है और आज अनंत सिंह समेत तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी का तंज

# अमेरिकी राष्ट्रपति को खुद नहीं पता कल वह क्या करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मध्य प्रदेश में अपने होमटाउन रीवा में एक सभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर पर बात की, युद्ध के भविष्य के बारे में बताया, और यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर उनके अप्रत्याशित बयानों और भारत-पाकिस्तान के बीच शांति के लिए मध्यस्थता करने के हालिया दावों को लेकर तंज भी कसा। टीआरएस कॉलेज में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, जनरल द्विवेदी ने उभरती हुई वैश्विक चुनौतियों की अनिश्चितता और जटिलता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, 'भविष्य की चुनौतियां आ रही हैं। वे हैं अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता- आपको और मुझे बिल्कुल नहीं पता कि भविष्य में क्या होने वाला है।'



फिर उन्होंने आगे कहा, 'आज ट्रंप क्या कर रहे हैं? मुझे लगता है कि ट्रंप को भी नहीं पता कि वह कल क्या करने वाले हैं। चुनौतियां इतनी तेज़ी से आ रही हैं कि जब तक आप एक पुरानी चुनौती को समझने की कोशिश करते हैं, एक नई चुनौती सामने आ जाती है, और हमारी सेना को भी ऐसी ही सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चाहे वह बॉर्डर पर हो, आतंकवाद हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, या साइबर वॉरफेयर हो। जो नई चीज़ें शुरू हुई हैं।

# केन्या में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत



**एएफपी, केन्या।** केन्या में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। इसकी पुष्टि केन्या के आंतरिक मंत्री ने की। भूस्खलन देश के पश्चिम में मारक्वेट ईस्ट में रात में हुआ, जहां इस समय बारिश का मौसम है। किपचुम्बा मुर्कोमेन ने एक्स पर लिखा कि हमने इस त्रासदी में 21 लोगों की मृत्यु की पुष्टि की है, जबकि 30 से अधिक लोग अभी भी लापता है।

# यूनुस सरकार में बांग्लादेश के हालात और बदत्तर

## रिपोर्ट : देश को अंधकार में धकेला, जनता को आ रही शेख हसीना के शासन की याद

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अधिकांश जनता उस अराजकता से आजादी चाहते है जिसने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार बनने के बाद देश को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि देश 'अवैध शासन' से छुटकारा चाहता है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना हाल ही में कई पश्चिमी मीडिया आउटलेट्स को दिए गए इंटरव्यू से यूनुस सरकार साफ तौर पर हिल गई है।

बांग्लादेशी पत्रकार, इतिहासकार और राजनीतिक विश्लेषक सैयद बदरुल अहसान ने लिखा, 'यह ऐसे समय में हो रहा है जब गैर-संवैधानिक सरकार पूर्व प्रधानमंत्री पर एक पक्षपाती और असल में बेकार अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के जरिए उन पर कथित तौर पर किए गए अपराधों के लिए फैसला सुनाने और शायद उन्हें मौत की सजा देने की योजना बना रही है। ये इंटरव्यू इस बात का एक संकेत हैं कि शेख हसीना देश की राजनीति में अभी भी क्यों प्रासंगिक हैं।'



उन्होंने आगे कहा, ये इंटरव्यू, जिनके टेक्स्ट सरकार के निर्देशों के कारण बांग्लादेश में मीडिया में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे, एक सरल लेकिन जरूरी नतीजे की ओर इशारा करते हैं: अवामी लीग की भागीदारी के बिना सरकार द्वारा चुनाव करने का कोई भी कदम पूरी कवायद को खोखला कर देगा।'

## फिर रोया पाकिस्तान, भारत पर फोड़ा ठींकरा-

# 'हमें दो तरफ से घेरा जा रहा है'

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान जब भी कुछ गड़बड़ होता है, तो इसका ठींकरा भारत के मत्थे फोड़ दिया जाता है। इस वक्त भी कुछ ऐसा ही हुआ है, जब पाकिस्तानी फौज की तालिबान के आगे एक नहीं चल रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने झल्लाहट में शनिवार को एक बार फिर पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव में भारत का नाम घसीटा है। ख्वाजा आसिफ का दावा है कि भारत उसे दोतरफा घेरने की कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान अपनी नहीं बल्कि भारत के प्रॉक्सी के तौर पर लड़ाई लड़ रहा है। ऐसा आसिफ ने पहली बार नहीं कहा है, वे पहले भी ये बात अफगानिस्तान से सैन्य झड़प के दौरान भी कह चुके हैं कि पाकिस्तानी फौज को दो फ्रंट पर लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि भारत एक अलग ही गेम खेल रहा है। उन्होंने कहा कि काबुल एक कठपुतली है और उसकी डोर भारत के हाथ में है। आसिफ ने ये भी कहा कि भारत अशरफ घानी के युग से ही पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है। इतना नहीं ख्वाजा आसिफ ये तक कह गए कि जरूरत पड़े तो वे इसके सबूत भी पेश कर सकते हैं। दिलचस्प तो ये है कि वो पाकिस्तान ऐसी बातें कर रहा है, जो खुद आतंकवादियों के जरिये भारत के खिलाफ दशकों से प्रॉक्सी वॉर लड़ता आ रहा है। इसके ढेरों सबूत भारत ने यूनाइटेड नेशंस तक में दिए हैं।

## मेट्रो एंकर

## गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया देश की राजधानी का एक्यूआई

# हद से ज्यादा जहरीली हुई दिल्ली की हवा

दिल्ली, एजेंसी

राजधानी दिल्ली में हवा जहरीली होती जा रही है। प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। आज एक बार फिर क्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में एम्स और आस-पास के इलाकों में एक्यूआई 421 दर्ज किया गया। 421 एक्यूआई गंभीर कैटेगरी है। बढ़ते प्रदूषण से लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है और आंखों में जलन की समस्या भी हो सकती है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक राजधानी के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों ने हवा की क्वालिटी 'खराब' रेंज में रिकॉर्ड की, जबकि कुछ इलाकों में 'बहुत खराब' श्रेणी दर्ज की गई। सुबह आठ बजे आनंद विहार (298), अलीपुर (258), अशोक विहार (404), चांदनी चौक (414), द्वारका सेक्टर-8 (407), आईटीओ (312), मंदिर मार्ग (367), ओखला फेज़-2 (382), पटपड़गंज (378), पंजाबी बाग (403), आरके पुरम (421), लोधी रोड (364), रोहिणी (415), और सिरीफोर्ट (403) एक्यूआई दर्ज किया गया।



### फिर गहरा हुआ वायू प्रदूषण का खतरा

दिल्ली-एनसीआर में सर्दी की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण का साया फिर गहरा गया है। ऐसे में रविवार को हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। ऐसे में दिनभर आसमान में हल्की स्मॉग की चादर देखने को मिलेगी। इस दौरान वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) 421 दर्ज की गई।

# 15 साल के लड़के ने बड़े भाई की हत्या की प्रेग्नेंट भाभी को भी रेप कर उतारा मौत के घाट

## गुजरात में खौफनाक घटना

राजकोट, एजेंसी

गुजरात में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 15 साल के एक लड़के ने पुलिस पूछताछ में जो कुछ कबूल किया उसे सुनकर सभी हैरान रह गए। आरोपी ने पहले अपने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला और फिर डरी-सहमी गर्भवती भाभी का रेप किया। इसके बाद उसने भाभी को भी बेहद क्रूर तरीके से मार डाला। जूनागढ़ शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर एक गांव में इस वारदात को अंजाम दिया गया। परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है।

झकझोर देने वाली इस आपराधिक घटना को 16 अक्टूबर को अंजाम दिया गया और शुक्रवार लाशों की बरामदगी के बाद पूरी घटना से पर्दा उठा। हत्याकांड का खुलासा तब हुआ जब बिहार में रहने वाले मृतक महिला के मायकेवालों ने विसावदर पुलिस से संपर्क किया।अभी तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी लड़का एक डेयरी में काम करता था। वह बड़े भाई से बेहद क्रोधित था, क्योंकि कथित तौर पर वह उसे पीटता था और उसके पैसे छीन लेता था। आरोपी ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने लोहे के एक रॉड से भाई के सिर पर तब तक वार किया जब तक उसकी जान नहीं चली गई।

जब उसकी भाभी ने पति की हत्या करने वाले देवर का यह रूप देखा तो वह बेहद डर गई। उसने अपनी जान बख्श देने की गुहार लगाई। तब लड़के ने कहा कि यदि वह उसके साथ संबंध बनाएगी तो छोड़ देगा। लड़के ने 6 महीने की प्रेग्नेंट भाभी के साथ रेप किया। हालांकि, इसके बाद उसे लगा कि वह उसका भेद खोल सकती है। उसने घुटने से भाभी के पेट पर घुटने से वार करके और गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने भाभी के पेट पर इतनी क्रूरता से वार किए कि भ्रूण गर्भाश्य से बाहर आ गया। पुलिस ने लड़के की मां को भी गिरफ्तार किया है जिसने लाशों को गड्ढे में दबाने में छोटे बेटे की मदद की। पुलिस ने जब लाशों को खोदकर निकाला तो नग्न अवस्था में थे। पुरुष मृतक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564